
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 26.9 डिग्री

13 महापौर मीनल की मनाही के बाद मंत्री साव के पास...



14 रायपुर-बिलासपुर से होकर अंबिकापुर...




रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अवाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.


# आंबेडकर अस्पताल का कमाल, दुर्लभ बेनाइन ट्यूमर की सर्जरी, दुनियाभर में इसके सिर्फ 200 केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग में पचास वर्षीय मरीज की दुर्लभ बेनाइन ट्यूमर सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑफ़ रेट्रोपेरिटोनियम की सफल सर्जरी की गई है। चिकित्सकों का दावा है कि अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनियाभर में इसके अब तक केवल 200 केस सामने आए हैं। विभागीय डाक्टरों की टीम ने पांच घंटे लंबे ऑपरेशन के बाद पेट के पिछले हिस्से में चिपके तीन ट्यूमर को बाहर निकाला। इस सर्जरी में जोखिम काफी था, जिसकी वजह से कई अस्पतालों द्वारा मरीज को लौटाया जा चुका था।


हरिभूमि सरोकार

## ऑन्कोलॉजी विभाग में 50 साल के मरीज का 5 घंटे चला ऑपरेशन, पूरी तरह स्वस्थ

### एमसीएच सर्जिकल आंकोलॉजी

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि यह मध्यभारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां एमसीएच सर्जिकल ओन्कोलॉजी का विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में तीन एमसीएच रेजिडेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ज्वाइन कर चुके हैं। इस पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से कैंसर के ऐसे मरीज जिनके लिए शल्य क्रिया आवश्यक है, उन्हें बेहतर सुविधाए मिल रही हैं।

- पेट के पिछले हिस्से में चिपके थे 3 ट्यूमर, सर्जरी से कई अस्पताल कर चुके थे इनकार



### लिम्फैटिक सिस्टम से होता है विकसित

डॉ. आशुतोष गुप्ता के अनुसार, सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑफ़ रेट्रोपेरिटोनियम एक बहुत ही दुर्लभ बेनाइन ट्यूमर है, जो शरीर के लिम्फैटिक सिस्टम से विकसित होता है। इसके दोबारा होने और ऑपरेशन के बाद जटिलताएं बढ़ने की संभावना अधिक होती है। इस सर्जरी को पूरा करने में डॉ. किशन सोनी, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. सुश्रुत अग्रवाल, डॉ. रचना पांडे, डॉ. अविनाश बंजारा और डॉ. लावण्या ने उनका साथ दिया।

चिकित्सकों के अनुसार यह ट्यूमर शरीर की प्रमुख रक्त वाहिनियों से चिपका हुआ था। सर्जरी में तीन ट्यूमर बाहर निकले, जिसमें सबसे बड़े ट्यूमर का आकार 25 बाई 20 सेमी. था। सिस्टिक लिम्फॅन्जिओमा ऑफ रेट्रोपेरिटोनियम एक दुर्लभ और नरम ट्यूमर होता है, जो लसीका वाहिनियों की असामान्य वृद्धि के कारण बनता है और यह पेट के पीछे की जगह में विकसित होता है, जिससे पेट में सूजन या गांठ, पेट दर्द और पाचन समस्याएं होती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि भिलाई में रहने वाला 50 वर्षीय मरीज अपनी समस्या लेकर यहां आया था। जांच के बाद इस बीमारी का पता चला, सर्जरी बेहद जटिल थी, क्योंकि ट्यूमर शरीर की कई मुख्य रक्त नलिकाओं से चिपका हुआ था।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा, 85 हजार का सामान पार

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थिया लता शर्मा निवासी सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित आवश्यक कागजात चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कीमत 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

### 93 पौवा शराब के साथ निगरानी बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने 93 पौवा अवैध शराब के साथ एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि डेरापारा रावांभाठा में एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी प्रदीप तिवारी निवासी डेरापारा को गिरफ्तार कर उसके से 93 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी निगरानी बदमाश है और पहले भी उसके विरुद्ध थाने में कई प्रकरण दर्ज है। उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र निवासी एक महिला से नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में मुकेश कुमार साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने खुद को एसईसीएल में क्लर्क बताकर महिला को झांसे में लिया और उसे नौकरी दिलाने का झूठा भरोसा दिलाया। घटना सितंबर 2024 की है। पीड़िता ऑनलाइन विवाह प्रस्ताव के माध्यम से मुकेश के संपर्क में आई थी। इसके बाद आरोपी ने महिला को विश्वास में लेते हुए उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे 5 लाख 38 हजार रुपए अलग-अलग किस्तों में ले लिए। रुपए लेने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया। पुलिस ने इस मामले में धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## हरिभूमि की खबर का बड़ा असर

चार साल के प्राप्तांक के योग के आधार पर बनेगी प्रावीण्य सूची, जारी हुआ आदेश

# एमबीबीएस बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग की मेरिट लिस्ट निरस्त, दावा-आपत्ति के बाद अब नई जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस डाक्टरों की बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी पर हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के बाद मेरिट लिस्ट को निरस्त कर दिया गया है। अब चार साल के प्राप्तांक योग के आधार पर आयुष विवि से जानकारी लेकर प्रावीण्य सूची तैयार की जाएगी और दावा आपत्ति के बाद इसका अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

सीएमई कार्यालय से जारी शेड्यूल के मुताबिक आयुष विवि से एमबीबीएस पास डाक्टरों की जानकारी लेकर मेरिट लिस्ट तैयार कर 20 जून को इसका प्रकाशन किया जाएगा। 21-22 जून को इस पर दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी और 23 को उसके निराकरण के बाद 24 जून को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा 583 प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल तथा 77 चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस डाक्टरों की बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके लिए 13 से 30 जून के बीच चार चरणों को काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा था। इसके लिए संचालनालय द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों से जानकारी लेकर मेरिट लिस्ट जारी कर दी, जिसमें व्यापक स्तर पर गड़बड़ी हो गई थी।

डाक्टरों की अंकसूची और मेरिट लिस्ट के अंकों में काफी अंतर आ गया था। कई डाक्टर अपात्र होने के बाद भी मेरिट लिस्ट में शामिल हो गए थे। इसे लेकर जूनियर डाक्टर एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने बड़ी आपत्ति की थी और हरिभूमि में खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग हरकत में आया और मेरिट को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। अब आयुष विश्वविद्यालय से प्राप्त एमबीबीएस पाठ्यक्रम की चारों परीक्षाओं के प्राप्तांक के योग के आधार पर नई प्रावीण्य सूची जारी की जाएगी। इस पर दावा-आपत्ति और निराकरण की प्रक्रिया पूरी कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

## प्रावीण्य सूची तैयार कर दावा आपत्ति के बाद किया जाएगा अंतिम प्रकाशन


बांड पोस्टिंग की ऑनलाइन काउंसिलिंग में गड़बड़ी, अंकों में हेरफेर कर बनाई सूची

### पारदर्शिता की आवश्यकता- जूडा

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा कि पदस्थापना की ऑनलाइन काउंसिलिंग में पारदर्शिता की आवश्यकता है। जूडा द्वारा उजागर किए गए संभावित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर शासन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए एमबीबीएस बॉड काउंसलिंग को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। अब निर्णय लिया गया है कि चारों वर्षों के पूर्णांक के आधार पर नई मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

### पीजी डाक्टरों की बांड पोस्टिंग में विलंब

एमबीबीएस डाक्टरों की अनुबंध सेवा पदस्थापना की ऑनलाइन काउंसिलिंग के विवाद के बीच एमडी-एमएस उत्तीर्ण चिकित्सकों की बांड पोस्टिंग की लेटलतीफी पर भी सवाल उठने लगा है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि इसे लेकर आक्रोश पनप रहा है और पीजी डाक्टर न्यायालय की शरण में भी जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 में परिणाम घोषित होने के बावजूद, जून का एक पखवाड़ा बीतने तक भी पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इससे सैकड़ों योग्य चिकित्सक बेरोजगारी और आर्थिक संकट झेल रहे हैं। इसका विपरीत असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ रहा है।

# शैक्षणिक सत्र के मध्य में सेवानिवृत्त नहीं होंगे शिक्षक स्थायी आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूलों में शिक्षकों की कमी के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा सत्र के मध्य में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवावृद्धि का फैसला लिया है। प्रदेश के शासकीय एवं शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त शालाओं , नगर निगमों के स्कूलों में पदस्थ ऐसे शिक्षक जो कि बीच सत्र में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन्हें स्वमेव ही पुनर्नियुक्ति मिल जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर शिक्षा सत्र 2025-26 के अंत तक शिक्षकों की पुनर्नियुक्ति की अनुमति दे दी है। इससे सेवानिवृत्त हो चुके सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य स्तर तक के शिक्षकों को राहत मिलेगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह पुनर्नियुक्ति आदेश शासन स्तर से किसी विशेष सत्र के लिए न होकर स्थायी आदेश के रूप में लागू किया जाएगा। अब तक प्रतिवर्ष इस संदर्भ में आदेश जारी किया जाता था, लेकिन अब इस संदर्भ में स्थायी आदेश जारी कर दिया गया है।

- सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक-प्राचार्यों की सत्रांत तक स्वमेव पुनर्नियुक्ति
- प्रतिवर्ष जारी किया जाता था आदेश अब यह स्थायी

### इंकार कर सकते हैं शिक्षक

जारी आदेश के अनुसार, सेवानिवृत्ति की तिथि के बाद स्वमेव सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति मान्य होगी। हालांकि शिक्षक अथवा प्राचार्य इससे इनकार भी कर सकते हैं। यदि कोई शिक्षक पुनर्नियुक्ति से इनकार करता है, तो ही उसे पुनर्नियुक्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय, शिक्षा संभागों के संयुक्त संचालकों, कलेक्टरों व जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि इस निर्णय से राज्य में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों को अनुभवशील शिक्षकों का लाभ मिल सकेगा और शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार की उम्मीद है।

# नए वैरिएंट की पुष्टि नहीं, कोरोना संक्रमण के केस बढ़कर 131 तक पहुंचे, हो चुकी एक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक्टिव केस 57 जिसमें दर्जनभर अस्पताल में करा रहे इलाज

जांच की संख्या बढ़ने के बाद प्रदेश में कोरोना के नये मामले लगभग रोज सामने आ रहे हैं। प्रदेश में कोरोना वैरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है, मगर अब तक 131 लोग संक्रमित हो चुके हैं। नांदगांव जिले में वृद्ध की मौत के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। अभी दर्जनभर कोरोना के साथ अन्य समस्या की वजह से लोग अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं और 45 संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। जांच के दौरान सामने आने वाले संक्रमितों के लक्षण में किसी तरह का बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

राज्य में कोरोना की उपस्थिति को 24 दिन बीत चुका है और एहतियात के तौर पर की जा रही जांच के दौरान इसके आंकड़ों में भी रोज फेरबदल हो रहा है। मंगलवार को राज्य में 14 नये मामलों का पता चला, जो करीब दो हजार सैंपलों की जांच में सामने ▶▶|शेष पेज 14 पर



### रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में ज्यादा

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में कोरोना के ज्यादा मामले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में है। इसकी वजह इन जिलों की ज्यादा आबादी और लोगों की आवाजाही भी माना जा रहा है। अब तक रायपुर में 65, बिलासपुर में 34 और दुर्ग में 20 केस सामने आ चुके हैं। मंगलवार को इन तीनों के साथ सरगुजा जिले में भी 3 केस मिले हैं। अब तक दस जिलों में कोविड की मौजूदगी सामने आ चुकी है।

### कई बीमारियों से पीड़ित था मृतक

कोविड की निगरानी करने वाली कमेटी के मुताबिक नांदगांव में रहने वाले 85 साल के मरीज की मृत्यु राजधानी के निजी अस्पताल में हुई थी। किडनी सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित था और इलाज के दौरान मौत के बाद कोविड टेस्ट में उसे पॉजिटिव पाया गया था।मृत्यु के बाद उसका अंतिम संस्कार कोविड प्रोटोकॉल के तहत पूरा किया गया। विभागीय आंकड़ों में उसकी मौत को-मार्बिडिटी दर्ज की गई है।

# किराना दुकान में शराब बिक्री, 15 बोतल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छापा में दूसरे राज्य की 15 बोतल बरामद

राजधानी रायपुर में दूसरे राज्य की शराब की तस्करी पर अंकुश लग नहीं लग पा रहा है, जिसके कारण अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले लोग भी अन्य दूसरे काम की आड़ में शराब बेचने का ▶▶|शेष पेज 14 पर

# साढ़े तीन लाख राशनकार्ड सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं, 30 जून के बाद नाम हो सकते हैं ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्यों को ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है। केंद्र सरकार ने केवाइसी कराने की अंतिम तारीख 30 जून निर्धारित की है। इसके बाद केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम ऑनलाइन साफ्टवेयर में ब्लॉक किए जा सकते हैं, जिससे उन सदस्यों को उनके कोटे का राशन भी नहीं मिल पाएगा। रायपुर जिले में केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का आंकड़ा साढ़े तीन ▶▶|शेष पेज 14 पर

### एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के तहत ई-केवाईसी कराना अनिवार्य



### परेशानी से बचने समय पर करा लें केवाईसी

राशन लेने के लिए प्रत्येक सदस्य को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य है। जिले में साढ़े तीन लाख से ज्यादा सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराया है। परेशानी से बचने समय रहते कराना होगा।

\- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर

पहले रायपुर से मदन महल तक ट्रेन चलाने रेलवे ने जारी किया था टाइम टेबल

# रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी के छूटने का ठिकाना बदलेगा, समय भी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जबलपुर से रायपुर के बीच प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रेन को लेकर बड़ा बदलाव सामने आ रहा है। पहले इस ट्रेन को मदन महल स्टेशन से चलाने की योजना थी, लेकिन अब इसे जबलपुर मुख्य स्टेशन से शुरू करने का प्रस्ताव जबलपुर रेलवे द्वारा तैयार किया गया है। इसके पीछे यात्री सुविधा और संचालन में आसानी को प्राथमिकता दी गई है। यदि रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलती है, तो ट्रेन की समय-सारिणी भी बदली जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मदन महल स्टेशन से फिलहाल कोई ट्रेन आरंभ नहीं होती, ऐसे में नई ट्रेन के संचालन के लिए यहां अतिरिक्त सुविधाएं जुटानी पड़तीं।

सुबह के समय इस स्टेशन पर रेल यातायात का दबाव अधिक रहता है, वहीं रायपुर इंटरसिटी जैसी ट्रेन को प्रदेश और शहर के विभिन्न हिस्सों से आने वाले यात्रियों की कनेक्टिविटी के लिहाज से जबलपुर जंक्शन से चलाना अधिक व्यवहारिक रहेगा। नई इंटरसिटी में सफर करने यात्रियों को थोड़ा इंतजार और करना ▶▶|शेष पेज 14 पर



- यात्रियों की कनेक्टिविटी के लिहाज से जबलपुर जंक्शन से ट्रेन चलाना रहेगा अधिक व्यवहारिक

### नई ट्रेन में लगे एलएचबी कोच

यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए नई ट्रेन में आधुनिक एलएचबी कोच लगाए गए हैं. इसमें एक एसी चेयर कार, चार रिजर्व सेकंड क्लास कोच, आठ जनरल कोच, एक एसएलआर और एक जनरेटर कोच मिलाकर कुल 15 डिब्बे होंगे। इससे न सिर्फ सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा, बल्कि ज्यादा लोगों को यात्रा का मौका भी मिलेगा। रेलवे की यह पहल रायपुर और जबलपुर के बीच यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

## खबर संक्षेप



### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** धारदार हथियार चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका कर भयभीत करने वाला युवक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तिल्दा रेल्वे पानी टंकी के पास मेन रोड में एक धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते हुये आने -जाने वाले आम लोगों को डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस पहुँचने पर एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडकर आरोपी विनय निषाद पिता नरेश निषाद उम्र 21 वर्ष वार्ड 17 तिल्दा निवासी के कब्जे से एक धारदार स्टील के चाकू को जप्त कर आरोपी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### छग चर्म शिल्पकार आयोग अध्यक्ष से महिलाओं ने की सीसी रोड बनाने की मांग



**आरंग।** मंगलवार को बालाजी पुरम कालोनी की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड आयोग अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा को वार्ड क्र. 15 बालाजी पुरम कालोनी में सीसी रोड बनाने मांग पत्र सौंपा। साथ ही बरसात के पहले वार्ड की नालियों की साफ सफाई कराने की मांग किए। जिस पर ध्रुव कुमार मिर्धा ने जल्द ही गलियों में मुरम व बजरी डलाकर समतल कराने आश्वस्त किया। वहीं वार्ड की समस्याओ को लेकर महिलाओं की पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा जहां नारी शक्ति जागृत हो वहां कुछ भी काम मुश्किल नहीं है। इस अवसर पर बालाजी पुरम कालोनी से खेमीन साहू, सरिता निषाद, राधा साहू, हुलसी साहू, सोनाली साहू की उपस्थिति रही।

### कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना

**रायपुर।** साय कैबिनेट की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में सुबह 10 बजे बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। आगामी खरीफ सीजन की फसल की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जाएगी। किसानों को समितियों से मिलने वाले खाद, बीज और ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। प्रदेश के 40 लाख से अधिक किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा होगी।

कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण की समीक्षा के साथ ही नई तबादला नीति के तहत किए जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लेगी। वहीं नक्सली मुठभेड़ में शहीद आकाश राव गिरेपुंजे के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि कैबिनेट में आगामी मानसून सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप पर भी चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

## हादसा : एनएच पर हादसा, पुलिस ने बल प्रयोग कर शव उठाया, भेजा मरचुरी

# सांकरा में मासूम की मौत के बाद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पुलिस से झड़प-पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

■ दर्जन भर से ज्यादा युवक गिरफ्तार

रायपुर-बिलासपुर सिक्स-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत सांकरा (धनेली) में मंगलवार को उस वक्त मातम और आक्रोश फैल गया, जब ट्रक टेलर क्रमांक सीजी 10 बीयू 6774 ने तेज रफ्तार से आकर मासूम साइकिल सवार बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना सिक्स-लेन बाईपास की गलत दिशा से आवागमन के कारण हो रही लगातार दुर्घटनाओं की लंबी कड़ी में नवीनतम है, जिसने ग्रामीणों को सिस्टम के खिलाफ सड़क पर उतरने पर मजबूर कर दिया। दस हजार की आबादी वाले औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण साकरा गांव के लिए, यह सिक्स-लेन परियोजना सुविधा से अधिक अभिशाप साबित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें रायपुर जाने के लिए सिक्स-लेन बाईपास की गलत दिशा से गुजरना पड़ता है, जो जानलेवा साबित हो रहा है। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हुई इस त्रासदी ने ग्रामीणों के वर्षों से दबे गुस्से को ज्वालामुखी की तरह भड़का दिया। जैसे ही मासूम मोंटू धृतलहरे 12 वर्ष, पिता कृष्णा धृतलहरे की मौत की खबर फैली, ग्रामीणों का सैलाब सड़क पर उमड़ पड़ा। सैकड़ों की संख्या में परेशान ग्रामीणों ने मृतक के शव को बीच सड़क पर रखकर दुर्घटनाओं को रोकने और गांव के लिए एक ओवर/अंडर ब्रिज की तत्काल मांग करते हुए लगभग चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान मासूम की मां का रो-रोकर बुरा हाल था, उनकी चीखें सिस्टम की उदासीनता पर एक करारा प्रहार कर रही थीं।









### पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, पथराव और गिरफ्तारी

घटनास्थल पर अपर कलेक्टर उमाशंकर बंदे, अपर जिलाधिकारी (एडीएम) देवेंद्र पटेल, एसडीएम रायपुर, तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस कर्मी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी पीड़ा और आक्रोश को व्यक्त करते हुए, उचित मुआवजे और अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। जब पुलिस ने हल्के बल प्रयोग से शव को सड़क से हटाकर मर्चुरी भिजवाने का प्रयास किया, तो कुछ आंदोलनकारियों ने अचानक पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस भी एक्शन में आई और लाठी भांजते हुए लगभग 25-30 युवकों को हिरासत में लिया है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया था।

### हाईवे और बाईपास रहा घंटों जाम

एडीएम श्री देवेन्द्र पटेल ने शासन से मिलने वाले उचित मुआवजे की बात कही है। इस घटना के कारण हाइवे और बाईपास सड़क घंटों जाम रही, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह घटना सिर्फ एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि विकास परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही की कमी का जीता-जागता उदाहरण है। साकरा के ग्रामीण अब सरकार से केवल मुआवजा नहीं, बल्कि अपने जीवन की सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन का अधिकार मांग रहे हैं। यह देखना होगा कि इस मासूम की मौत सिस्टम की नींद तोड़ पाती है या नहीं।

### कार्रवाई की जाएगी

साकरा बाईपास सड़क में दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में एक बालक की मृत्यु अत्यंत दुखद है। हम पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और उन्हें आश्वस्त करना चाहते हैं कि इस मामले में त्वरित और उचित कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना में शामिल ट्रक को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया है, और आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

-राजेन्द्र दिवान,
थाना प्रभारी धरसींवा

### 80 पौव्वा शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** भूमिया के 22 मिल मार्ग पर 80 पौव्वा अवैध शराब के साथ युवक को नेवरा पुलिस ने किया गिरफ्तार। मुखबिर की सूचना पर नेवरा पुलिस ने भूमिया के 22 मिल मार्ग पर टार के पास छापा मारकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखे हुए 80 पौव्वा देशी शराब जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी अजय पारधी पिता हेमलाल पारधी उम्र 28 वर्ष ग्राम भूमिया निवासी को गिरफ्तार किया है, एक बड़ा थैला लाल सफेद कलर जिसमें उक्त 80 पौव्वा शोले देसी मदिरा मसाला शराब अवैध रूप से बिक्री करने हेतु आरोपी रखा हुआ था। मंगलवार दोपहर 3 बजे पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम के नेतृत्व में एएसआई शंकर लाल वर्मा एवं नेवरा पुलिस द्वारा किया गया है।

### विधायक का जनदर्शन कल

**आरंग।** आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) गुरु खुशवंत साहेब के नेता जी चौक स्थित विधायक कार्यालय आरंग में प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम इस सप्ताह गुरुवार 19 जून को आयोजित किया जाएगा। यह बदलाव 18 जून बुधवार को रायपुर में विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में भागीदारी के कारण किया गया है। अतः समस्त नागरिकों एवं हितग्राहियों से अनुरोध है कि वे जनदर्शन में अपनी उपस्थिति गुरुवार को सुनिश्चित करें।

## गाली-गलौज और धमकी देकर किया अनाचार, थाने में मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

गांव की एक युवती ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत में बताया कि वह अजय बंजारे नामक युवक के साथ पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध में थी, किंतु पिछले छह माह से उन्होंने आपसी संबंध समाप्त कर दिए थे। युवती का आरोप है कि इसके बाद से अजय उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा और उस पर अन्य पुरुषों से संबंध रखने का झूठा आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 16 जून 2025 की सुबह लगभग 6 बजे वह अपने घर से कुछ दूर स्थित भाठा मैदान दिशा मैदान के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपी अजय बंजारे वहां पहुंचा और अश्लील भाषा में गाली-गलौज करते हुए उसे धमकाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने जबरन उसके साथ अनाचार किया। प्रकरण में थाना पुलिस ने तत्काल धारा 296, 115(2), 351(3), 64 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। आरोपी अजय बंजारे पिता स्व. हरिराम बंजारे, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम चंगोरी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## समोदा सेजेस में निरीक्षण अनुपस्थित व्याख्याताओं का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा में संयुक्त संचालक राकेश पांडे एवं सहायक संचालक आलोक चांडक के द्वारा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान तीन व्याख्याता अनुपस्थित पाए गए, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए।

साथी शिक्षकों को शाला समय सारणी के अनुसार कार्य करने एवं समय पर स्कूल आने के लिए निर्देशित करते हुए डेली डायरी बनाने के भी निर्देश दिए गए एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति पाए जाने पर पालको से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण के लिए पहले स्कैनिंग करने के लिए गाइडलाइन दी गई।

इस अवसर पर व्याख्यातागण टीपू लाल वर्मा, मितांजलि महंती, चेतन साहू, पुरुषोत्तम साहू, संतोष निषाद एवं अन्य स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सामान्य सभा की बैठक में 39 कार्यों की स्वीकृति, लेकिन प्रविष्टि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सामान्य सभा की बैठक में 15वें वित हेतु 39 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई जो कि सर्वसम्मति से की गई, उक्त 39 कार्यों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से किया गया था, लेकिन सभी कार्यों को अभी तक ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं की गई है। जिसके चलते कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, साथ ही बता दें कि प्रविष्टि नहीं होने पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। मंगलवार शाम को जनपद पंचायत के अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे एवं जनपद सभापतिगण एवं कई जनपद सदस्य तिल्दा जनपद पंचायत पहुंचे और जनपद पंचायत सीईओ को लिखित ज्ञापन देकर कहा गया कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक विगत 6 जून को की गई थी, जिसमें उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन आज पर्यंत तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि रायपुर जिला अंतर्गत सभी जनपद पंचायत में इसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिले में सिर्फ तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत ऐसा है जहां ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं की गई है जबकि सभी जनपद पंचायत में ऑनलाइन प्रविष्टि कर कार्य किया जा रहे हैं और ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं होने पर तिल्दा नेवरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत कोई कार्य नहीं हो पा रहा है, जनपद पंचायत के अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे ने कहा कि अगर दो दिन के भीतर इसे ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं की गई तो जनपद पंचायत के सामने उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर सभी सभापति व कई जनपद सदस्य गण भी उपस्थित थे।

## चंद्राकर बोले- मुख्यमंत्री रहे बघेल को यह मालूम नहीं संवैधानिक पदों पर क्या बात करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अजय चन्द्राकर ने प्रदेश के राज्यपाल रामेन डेका के प्रदेश में दौरों और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयानों पर कहा, भूपेश बघेल इन दिनों अनावश्यक मुद्दों पर बात कर रहे हैं, जिनका कोई सिर-पैर नहीं है। पांच साल मुख्यमंत्री रहे श्री बघेल को यह मालूम नहीं है कि संवैधानिक पदों पर क्या बात करनी चाहिए। श्री चन्द्राकर ने कहा, सरकार के प्रत्येक आदेश राज्यपाल के हस्ताक्षर से ही निकलते हैं। संविधान की किसी भी धारा में यह नहीं लिखा है कि राज्यपाल को दौरा नहीं करना चाहिए या करना चाहिए। अब शासन भूपेश बघेल से तो पूछकर



नहीं चलाया जा सकता। श्री चन्द्राकर ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष भी एक संवैधानिक पद है। डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष होने के साथ-साथ एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी हैं। कहीं पर भी यह संहिताबद्ध (कोडिफाइड) नहीं है कि विधानसभा अध्यक्ष को शासन के किसी काम में चिट्ठी लिखना है या नहीं लिखना है। विधानसभा अध्यक्ष की मर्यादाएं व भूमिका क्या हैं, यह कहीं संहिताबद्ध नहीं है।

### कांग्रेस के लिए घुसपैठिये वोट-बैंक के समान

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता श्री चन्द्राकर ने कहा, जिन लोगों ने छत्तीसगढ़ में चिह्नित व पकड़े गए इन 11 घुसपैठियों के कागजात-दस्तावेज बनाए, उनके बारे में जनता को बताना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ये कागजात किसके कार्यकाल में किन अधिकारियों ने बनाए। श्री चन्द्राकर ने कहा कि अब कांग्रेस के लिए घुसपैठ करके जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा करना वोट-बैंक के समान है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं है। अभी जिस तरह की सरकार बांग्लादेश में है, पाकिस्तान में है, घुसपैठ की समस्या उनके लिए बड़ी समस्या है, लेकिन भारत में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के लिए घुसपैठिये वोट-बैंक के समान हैं।

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**आरंग।** आरंग पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरंग थाना प्रभारी ने बताया की सोमवार को मुखबीर की सुचना पर ग्राम गुल्लू-देवरी मार्ग के पास घेराबंदी कर मोटरसाइकिल क्र. सीजी 04 एनबी 3953 से ग्राम रानीसागर की ओर से आ रहे आरंग के हिस्ट्रीशीटर मुकेश कुमार जांगड़े उर्फ जग्गा पिता संतोष जांगड़े उम्र 28 साल ग्राम चोरहाडीह (आरंग) को 60 पाव देसी मदिरा मसाला शराब मात्रा 10.8 बल्क लीटर किमती 6000 रू. के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 345/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण अजमानतीय होने से माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में केन्द्रिय जेल रायपुर रवाना किया गया है।

## बिजली नियामक आयोग के विवेक गनोद वाले और अजय सिंह सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग में रिक्त दो पदों पर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को नियुक्ति कर दी है। महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद विवेक गनोदवाले और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह को विद्युत नियामक आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। दोनों नियुक्ति दिनांक से पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक आयोग के सदस्य रहेंगे। दोनों ही स्थिति में जो समय पहले पूरा होगा, नियुक्ति तभी तक मान्य होगी। बिजली नियामक आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रदेश सरकार ने 5 मई तक आवेदन मंगाए थे। थोक में 70 दावेदारों ने आवेदवन किए थे। करीब एक माह तक इसकी स्क्रूटनी करने के बाद सदस्यों की नियुक्ति के लिए नाम कमेटी के पास भेजे गए थे। कमेटी से नाम तय होने के बाद प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग ने सदस्यों की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। आयोग के सदस्य रहे प्रमोद गुप्ता का कार्यकाल जुलाई 2021 में समाप्त हो गया था। इसके बाद से वह पद खाली था। इसी तरह सदस्य (विधि) विनोद देशमुख का कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया। दोनों पद तभी से खाली थे। आयोग में सदस्यों के पद खाली होने के कारण इस साल बिजली की नई दरों का निर्धारण नहीं हो पाया है, जबकि सरकारी बिजली कंपनियों ने तय समय पर आयोग को अपना प्रस्ताव दे दिया था। आयोग के अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार टैरिफ पर सुनवाई के लिए अध्यक्ष के साथ कम से कम एक सदस्य का रहना अनिवार्य है।

## खाद संकट पर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, कहा मांग के अनुरूप भंडारण हो

# खाद संकट, प्रशासन से की तत्काल समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मानसून आने की खबरों के बीच खंडवृष्टि वाले इलाकों में किसानों ने धान बोनी शुरू कर दी है पर सोसायटियों में सामयिक खाद उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते किसान परेशान हैं और सोसायटियों का चक्कर काट रहे हैं जहां से भी उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। इधर सोसायटियों में खाद की कमी है तो दूसरी ओर व्यापारियों के पास उपलब्ध खाद अधिक कीमतों पर खरीदने किसान मजबूर हैं। अकेले मंदिर हसौद, आरंग व चंदखुरी सहकारी बैंक शाखा के अधीनस्थ आने वाले 30 सोसायटियों के अधीनस्थ 125 ग्रामों के किसानों की मांग को पूरा करने इन समितियों को लगभग 3 हजार टन सामयिक खाद की आवश्यकता है। पूरे प्रदेश में यही हालात होने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन भेज अविलंब सोसायटियों में खाद भंडारण की सुनिश्चित व्यवस्था कराने की मांग की है। केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीनस्थ आने वाले इन शाखाओं के किसानों से मिल रही शिकायत की पुष्टि के बाद श्री साय को मेल से प्रेषित ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि धान बोनी के समय किसानों द्वारा डीएपी खाद खेतों में डाला जाता है। वैश्विक कारणों के चलते इस कृषि सत्र में डीएपी की अनुपलब्धता को देखते हुये शासन ने वैकल्पिक खाद का उपयोग करने का आग्रह किसानों से किया था व वैकल्पिक खाद के रूप में एनपी के अग्रिम खाद उठाव योजना के तहत मांग के मुकाबले कम मात्रा में सोसायटियों को उपलब्ध कराया गया था जो खाद भी अब सोसायटियों में नहीं है। डीएपी का वैकल्पिक खाद अविलंब सोसायटियों में भंडारण कराने का आग्रह करते हुये जानकारी दी गयी है कि फिलहाल किसानों को यूरिया खाद की जरूरत नहीं है पर निकट भविष्य में इसकी जरूरत पड़ने वाली है और इसका भी सोसायटियों में मांग के अनुरूप भंडारण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। यूरिया खाद प्रदाय करने वाले एक कंपनी द्वारा सालिड यूरिया के बदले लिक्विड यूरिया का उठाव करने की कहीं कहीं दबाव बनाये जाने की कथित शिकायत की भी पुष्टि कर किसानों के मांग के अनुरूप यूरिया खाद उपलब्ध कराने का भी आग्रह ज्ञापन में किया गया है।

### खाद की भारी कमी से कृषि कार्य हो रहे प्रभावितः साहू

**अभनपुर।** जिला पंचायत रायपुर की प्रथम सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य यशवंत धनेंद्र साहू ने किसानों, छात्रों और आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया उन्होंने कृषि, शिक्षा, जल संकट, खनन, स्वास्थ्य जैसे विषयों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित समाधान की मांग की। साहू ने विशेष रूप से किसानों को खाद की भारी कमी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए कहा कि कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर समुचित खाद वितरण सुनिश्चित करने की मांग की, जिसे सभा में सभी सदस्यों का सर्वसम्मति से समर्थन मिला उन्होंने शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य, तथा भीषण गर्मी में जल संकट की गंभीरता को उजागर किया और जल आपूर्ति में लापरवाही पर प्रशासन की जवाबदेही तय करने की बात कही। अवैध मुरुम और रेत खनन को लेकर उन्होंने सख्त कार्रवाई की मांग की। इसे पर्यावरण और सड़क सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बताया। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों की लापरवाही को उजागर करते हुए उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की और तत्काल सुधार की मांग की।बैठक के दौरान उन्होंने जनसमस्याओं की विस्तार से जानकारी साझा की और सभी विभागों से समाधान की ठोस पहल करने का आग्रह किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विधायक इंद्रकुमार साहू, विधायक अनुज शर्मा,विधायक गुरु खुशवंत साहेब, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम के ननिहाल में शराब भट्टी की जगह गौशाला की मांग उठी



**आरंग।** मंगलवार को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन ने भगवान श्रीराम के ननिहाल आरंग क्षेत्र में खुल रहे शराब भट्टी पर विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम आरंग को ज्ञापन सौंपा। साथ ही शराब भट्टी खोलने के बजाय उनके स्थान पर गौशाला खोलकर गौ वंशो का संरक्षण संवर्धन करने की मांग किए हैं। संगठन के सदस्यों का कहना है आरंग विधान सभा भगवान श्रीराम का ननिहाल क्षेत्र है। साथ ही भगवान श्रीराम के ननिहाल क्षेत्र होने के साथ साथ महादानी राजा मोरध्वज की दानशीलता, संत बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि, शिवालयों की नगरी, धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी के नाम से सुविख्यात है। वहीं श्रीराम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास मुखिया को मुख के समान बताया है। रामचरित मानस के माध्यम से भगवान श्रीराम ने कहा भी है यदि राजा से कोई चूक हो रही हो तो उसे प्रजा को रोकना चाहिए। इस मौके पर हीरालाल साहू, अशोक साहू, मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, देवशरण साहू, उपेंद्र साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, विनोद गुप्ता,ओंकार विश्वकर्मा, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र साहू, नारायण पाल, पुराणिक हिरवानी, संतोष लाला, मनमोहन, सीताराम, गैंद लाल, भुवन , मनहरण , टोकेश , नरेंद्र द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट की बैठक आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना

**रायपुर।** साय कैबिनेट की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में सुबह 10 बजे बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। आगामी खरीफ सीजन की फसल की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जाएगी। किसानों को समितियों से मिलने वाले खाद, बीज और ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। प्रदेश के 40 लाख से अधिक किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण की समीक्षा के साथ ही नई तबादला नीति के तहत किए जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लेगी। वहीं नक्सली मुठभेड़ में शहीद आकाश राव गिरेपुंजे के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा किए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि कैबिनेट में आगामी मानसून सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप पर भी चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

### रथयात्रा पर्व में शामिल होने राज्यपाल को दिया न्योता



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भेंट की। श्री मिश्रा ने गायत्री नगर रायपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को न्योता दिया। विधायक ने बताया कि रथयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता एवं सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है।

### महिला एवं बाल केंद्रित नवीन कानून पर कार्यशाला




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'महिला एवं बाल केंद्रित नवीन कानून' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। कार्यशाला पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रमुख विलियम, बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला एवं सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अनंत अस्थाना, पुलिस महानिरीक्षक ओपी पाल, अंकित गर्ग, अमरेश मिश्रा, ध्रुव गुप्ता, उप पुलिस महानिरीक्षक मिलना कुर्रे, पारूल माथुर, गिरिजाशंकर जायसवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह, सहायक पुलिस महानिरीक्षक पूजा अग्रवाल एवं पुलिस मुख्यालय व यूनिसेफ के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक, डस्टबिन नहीं मिलने पर जुर्माना

**रायपुर।** मंगलवार को जोन 2 की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों की सहायता से बाजार क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 25 दुकानों में निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी मिलने,दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने 6,500 रुपये का जुर्माना संबंधित दुकान संचालकों से वसूला गया। निगम की टीम ने दुकादारों को सफाई व्यवस्था सुधारने और डस्टबिन रखने की हिदायत दी।

---

**संकल्प से सिद्धि तक अभियान की भी करेंगे समीक्षा**

# शिव प्रकाश, नितिन नवीन आज लेंगे विधायकों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मंगलवार को रायपुर पहुंचे। बुधवार को राष्ट्रीय नेता विधायक दल की क्लास लेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री भी शामिल होंगे।

जहां प्रदेश सरकार के कामकाज की समीक्षा होगी, वहीं विधायक का रिपोर्ट कार्ड भी देखा जाएगा कि कौन से विधायक कितने सक्रिय हैं। इसके पहले संकल्प से सिद्धि तक अभियान को लेकर समीक्षा होगी। इस बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन के महामंत्री, संभाग के प्रभारी शामिल होंगे। प्रदेश के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मंगलवार की सुबह को यहां पहुंचे।

विमानतल पर उनका स्वागत प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के साथ भाजपा नेताओं ने किया। रात को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी रायपुर पहुंच गए। उनका भी विमानतल पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।



### पहले संगठन की बैठक

शिव प्रकाश, नितिन नवीन, अजय जामवाल सबसे पहले बुधवार को सुबह 10 बजे से केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर चलाए जा रहे संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय, महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती और भरत वर्मा के अलावा संभाग के प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी प्रदेश संगठन के पदाधिकारी राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखेंगे। इसके बाद आने वाले समय में क्या-क्या कार्यक्रम होने हैं, उस पर चर्चा होगी। योग दिवस पर प्रदेश में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी है। इसको लेकर रणनीति बनेगी।

### विधायक दल की बैठक

विधायक दल की बैठक 12 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्री और विधायक शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश सरकार के कामकाज को लेकर राष्ट्रीय नेता जानकारी लेंगे। इसी के साथ विधायकों का एक तरह से रिपोर्ट कार्ड देखा जाएगा, कौन विधायक क्या कर रहा है, कौन से विधायक सक्रिय हैं और कौन सक्रिय नहीं हैं। विधायकों को मार्गदर्शन के साथ राष्ट्रीय नेता नसीहत भी देंगे। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी रहेंगे।

---

**मंत्री टंकराम ने की राजस्व विभाग की समीक्षा**

**पदोन्नत अफसर होंगे एकतरफा भारमुक्त**

# राजस्व प्रकरण समय सीमा में नहीं निपटाया तो नपेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अगर राजस्व संबंधी प्रकरणों का निपटारा समय सीमा के अंदर नहीं हुआ, तो संबंधित अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह बात राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कही है।

राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्तावों पर भी नीतिगत चर्चाएं की गईं, जिनमें रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी एवं पहले से स्थानांतरित अधिकारियों के प्रभार की स्थिति की समीक्षा सम्मिलित रही। राजस्व विभाग के पदोन्नत अधिकारियों को एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़ है, इसकी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से ही आम जनता का विश्वास सुदृढ़ होता है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और जनता की समस्याओं का तत्पर समाधान करने के निर्देश दिए।



### प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा की समीक्षा

बैठक में आकाशीय बिजली, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा हेतु की गई तैयारियों की भी गहन समीक्षा की गई। साथ ही, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, भू-अर्जन, लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण, नवीन तहसीलों में रिकॉर्ड रूम स्थापना तथा स्वीकृत बजट व्यय की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### समीक्षा में इन योजनाओं पर चर्चा

मंगलवार को महानदी भवन नवा रायपुर में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, क्रियान्वयन तथा भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डिजिटल भू-अभिलेख, ई-गिरदावरी, ड्रोन सर्वे आधारित स्वामित्व योजना, नक्शा परियोजना तथा त्रिवर्षीय भू-सर्वेक्षण कार्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और विभाग को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें राजस्व विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, उप सचिव लोकेश चंद्राकर, सुनील चंद्रवंशी, सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

### ट्रांसफर पोस्टिंग पर भी बातचीत

राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्तावों पर भी नीतिगत चर्चाएं की गईं, जिनमें रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी एवं पहले से स्थानांतरित अधिकारियों के प्रभार की स्थिति की समीक्षा सम्मिलित रही। राजस्व विभाग के पदोन्नत अधिकारियों को एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाकर आमजन को अधिक पारदर्शी एवं दक्ष सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने एनडीआरएफ के आधुनिकीकरण, पर्यावरणीय अवसंरचना, स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं व्यय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय दस्तावेजों जैसे मिसल, निस्तार पत्रक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के डिजिटलीकरण की समीक्षा हुई। इसके अंतर्गत राज्य न्यायालय के दस्तावेजों को ऑनलाइन एवं कियोस्क के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। भूमि अभिलेखों की त्रिवर्षीय कार्ययोजना, ई-गिरदावरी, नक्शा परियोजनाओं, स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन सर्वे, किसान पंजीयन तथा लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी लाने के निर्देश दिए।

---

**सुशासन तिहार में मिली थीं शिकायतें**

## क्रेडा ने सोलर कृषि पंप और पेयजल पंपों की खराबी को किया ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश में जो सुशासन तिहार का आयोजन किया, उसमें बस्तर संभाग के कुछ जिलों में क्रेडा द्वारा स्थापित कृषि पंपों के साथ ही पेयजल सोलर पंचों के भी खराब होने की शिकायत मिली थी। इनको ठीक करने के निर्देश क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी और सीईओ राजेश सिंह राणा ने दिए, जिसके बाद इनको ठीक करने का काम अधिकारियों ने किया है। अब किसानों को खरीफ फसल के समय परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सुशासन तिहार में प्रदेश के लगभग सभी पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर जनसामान्य की मांग व शिकायतों को प्राप्त कर उनका निराकरण करने का काम किया गया। है। क्रेडा सीईओ श्री राणा ने पहले ही विभाग के अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए थे कि क्रेडा न केवल संयंत्र स्थापित करने वाली संस्था है, बल्कि यह जिम्मेदारी से संचालन और रखरखाव के लिए भी प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार में बस्तर संभाग के जिला बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर एवं नारायणपुर से कुल 42 सोलर संयंत्रों के काम न करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ऐसे 29 संयंत्र जो पांच वर्षीय वारंटी अवधि में थे उनको तत्काल ठीक किया गया है। ऐसे संयंत्र जिनकी स्थापना हुए पांच वर्षों से अधिक हो चुकी है इनको भी ठीक करने का काम किया जा रहा है। क्रेडा द्वारा बस्तर संभाग के अंदरूणी क्षेत्रों में सोलर पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पम्प, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाईमास्ट एवं सोलर स्ट्रीट लाइट तथा कृषकों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोलर कृषि पम्प एवं अन्य सौर संयंत्र स्थापित किये गए हैं। ऐसे संयंत्रों के काम न करने की शिकायत प्राप्त होने पर क्रेडा द्वारा 11 सोलर पेयजल पंप, 2 सोलर कृषि पंप, 06 सोलर हाई मास्ट, 10 सोलर पावर प्लांट ठीक किए गए हैं।

---

## छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग के विवेक गनोदवाले और अजय सिंह सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग में रिक्त दो पदों पर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को नियुक्ति कर दी है। महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद विवेक गनोदवाले और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह को विद्युत नियामक आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। दोनों नियुक्ति दिनांक से पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक आयोग के सदस्य रहेंगे। दोनों ही स्थिति में जो समय पहले पूरा होगा, नियुक्ति तभी तक मान्य होगी।

बिजली नियामक आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रदेश सरकार ने 5 मई तक आवेदन मंगाए थे। थोक में 70 दावेदारों ने आवेदवन किए थे। करीब एक माह तक इसकी स्कूटनी करने के बाद सदस्यों की नियुक्ति के लिए नाम कमेटी के पास भेजे गए थे। कमेटी से नाम तय होने के बाद प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग ने सदस्यों




की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। आयोग के सदस्य रहे प्रमोद गुप्ता का कार्यकाल जुलाई 2021 में समाप्त हो गया था। इसके बाद से वह पद खाली था। इसी तरह सदस्य (विधि) विनोद देशमुख का कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया। दोनों पद तभी से खाली थे। आयोग में सदस्यों के पद खाली होने के कारण इस साल बिजली की नई दरों का निर्धारण नहीं हो पाया है, जबकि सरकारी बिजली कंपनियों ने तय समय पर आयोग को अपना प्रस्ताव दे दिया था। आयोग के अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार टैरिफ पर सुनवाई के लिए अध्यक्ष के साथ कम से कम एक सदस्य का रहना अनिवार्य है, इसलिए अब तक टैरिफ पर फैसला नहीं सका है।

---

## छग में गुंडों और चाकूबाजों का सुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में रेत माफियाओं पर लगाम कसने की मांग करते हुए प्रदेश में चाकूबाजी की घटनाओं पर भी लगाम लगाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में गुंडों और चाकूबाजों का सुशासन चल रहा है। जब राजधानी रायपुर में आम आदमी सुरक्षित नहीं है तो प्रदेश की क्या स्थिति होगी। कहीं भी सरेआम चाकूबाजी हो रही है। तोमर भाइयों द्वारा गुंडागर्दी और ब्याज पर पैसा देकर जमीन हड़पने का सिलसिला वर्षों से चल रहा है। अभी तक क्यों उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पायी है? राज्य में मंत्री, नेता और अधिकारी सिर्फ कार्यक्रमों में व्यस्त हैं जबकि प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब है।



### ग्रामीण भी बेबस

वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा, राजनांदगांव में रेत माफिया द्वारा की गई गोलीबारी भाजपा के सुशासन की वास्तविकता है। सत्ताधीशों के संरक्षण में पूरे प्रदेश में खनन माफिया आतंक का खूनी खेल खेल रहे हैं। रेत घाट के करीब रहने वाले ग्रामीण, पंचायत कर्मचारी और खनिज कर्मचारी बेबश और लाचार बन गए हैं। और जब कोई पत्रकार इसको उजागर करना चाहता है तो उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा जाता है। बलौदाबाजार में रेत माफिया एक व्यक्ति को खंभे से बांधकर सिर्फ इसलिए पीटते हैं, क्योंकि उस पर माइनिंग अधिकारियों के लिए मुखबिरी करने का शक था। प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग और प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, प्रदेश में कानूनी हालात खराब होते जा रहे हैं। सरकार को इस दिशा में कार्य करना चाहिए।

---

## चंद्राकर बोले- मुख्यमंत्री रहे बघेल को यह मालूम नहीं, संवैधानिक पदों पर क्या बात करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अजय चन्द्राकर ने प्रदेश के राज्यपाल रामेन डेका के प्रदेश में दौरों और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयानों पर कहा, भूपेश बघेल इन दिनों अनावश्यक मुद्दों पर बात कर रहे हैं, जिनका कोई सिर-पैर नहीं है। पांच साल मुख्यमंत्री रहे श्री बघेल को यह मालूम नहीं है कि संवैधानिक पदों पर क्या बात करनी चाहिए। श्री चन्द्राकर ने कहा, सरकार के प्रत्येक आदेश राज्यपाल के हस्ताक्षर से ही निकलते हैं। संविधान की किसी भी धारा में यह नहीं लिखा है कि राज्यपाल को दौरा नहीं करना चाहिए या करना चाहिए। अब शासन भूपेश बघेल से तो पूछकर नहीं चलाया जा सकता। श्री चन्द्राकर ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष भी एक संवैधानिक पद है। डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष होने के साथ-साथ



एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी हैं। कहीं पर भी यह संहिताबद्ध (कोडिफाइड) नहीं है कि विधानसभा अध्यक्ष को शासन के किसी काम में चिट्ठी लिखना है या नहीं लिखना है। विधानसभा अध्यक्ष की मर्यादाएं व भूमिका क्या हैं, यह कहीं संहिताबद्ध नहीं है। श्री चन्द्राकर ने कहा, भूपेश बघेल को यदि कोई आपत्ति थी तो अपने पांच साल के शासनकाल में यह सब संहिताबद्ध कर देना था कि विधानसभा अध्यक्ष यह-यह काम करेंगे और यह-यह काम नहीं करेंगे। इसी प्रकार राज्यपाल के लिए एक संस्तुति राष्ट्रपति से करा देनी थी कि राज्यपाल को क्या करना है और क्या नहीं करना है।

### कांग्रेस के लिए घुसपैठिए वोट-बैंक के समान

भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता श्री चन्द्राकर ने कहा, जिन लोगों ने छत्तीसगढ़ में चिह्नित व पकड़े गए इन 11 घुसपैठियों के कागजात-दस्तावेज बनाए, उनके बारे में जनता को बताना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ये कागजात किसके कार्यकाल में किन अधिकारियों ने बनाए। श्री चन्द्राकर ने कहा कि अब कांग्रेस के लिए घुसपैठ करके जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा करना वोट-बैंक के समान है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं है। अभी जिस तरह की सरकार बांग्लादेश में है, पाकिस्तान में है, घुसपैठ की समस्या उनके लिए बड़ी समस्या है, लेकिन भारत में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के लिए घुसपैठिये वोट-बैंक के समान हैं। इसलिए इनके बयानों पर कोई भरोसा नहीं किया जा सकता, ये देश बेच सकते हैं।

---

## बांग्लादेशी घुसपैठियों का छत्तीसगढ़ तक आना केंद्र और राज्य सरकार का फेलियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में संदिग्ध बांग्लादेशी घुसपैठियों के पकड़े जाने के बाद कांग्रेस ने केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार पर बड़ा सवाल उठाया है। 11 साल से बीजेपी की सरकार केंद्र में काबिज होने के बाद बॉर्डर पार कर घुसपैठियों के छत्तीसगढ़ तक पहुंचने को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्र और राज्य दोनों का फेलियर बताया है।

वहीं प्रदेश में रेत माफिया के बढ़ते आतंक को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार की कोई लगाम नहीं है, क्योंकि सरकार के संरक्षण में ये राज कायम किया गया है। वहीं बीते दिनों रायगढ़ प्रशासन की ओर से मरीन ड्राइव



**रायगढ़ में अतिक्रमण हटाने पर बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस : बैज**

बनाने अवैध अतिक्रमण हटाया गया था, जिसके पीड़ितों से श्री बैज ने मुलाक़ात की थी। मुलाक़ात के बाद उन्होंने ग़रीबों के आवास छीनने के खिलाफ बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। रायगढ़ डीसीसी को उन्होंने आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दे दिये हैं।

### फ्रस्ट्रेशन में अजय

भूपेश बघेल का प्रवक्ता बताने वाले अजय चंद्राकर के बयान पर उन्होंने पलटवार करते हुए फ्रस्ट्रेशन में आकर ऐसे बयान देने की बात कही है। उन्होंने कहा, भाजपा विधायक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं। भारतमाला घोटाला उजागर होने से फ्रस्ट्रेशन में हैं। उन्होंने कहा, इस मामले में वे भी सवालों के घेरे में हैं, इसलिए वे इस तरह के बयान दे रहे हैं।

---

**वार्डों और संवेदनशील इलाकों में जाने पर रोक**

# सरकारी अस्पतालों में मीडिया कवरेज का प्रोटोकॉल जारी होने से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल कॉलेज से संबंधित अस्पतालों में मीडिया कवरेज के चिकित्सा शिक्षा विभाग से जारी प्रोटोकॉल ने बवाल मचा दिया है। गोपनीयता का हवाला देते हुए अस्पताल के वार्डों सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है।

अस्पताल से सबंधित जानकारी देने के लिए पीआरओ की जिम्मेदारी तय की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग से चार दिन पहले जारी किया



प्रोटोकाल के मंगलवार को वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। इसे लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं भी बाहर आने लगी हैं। जारी आदेश में मीडिया को जानकारी देने जनसंपर्क अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है, जिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि जनसंपर्क अधिकारी कितना विषय विशेषज्ञ होगा। गोपनीयता के तहत मरीजों की जानकारी सार्वजनिक करने, वार्डों सहित अन्य इलाकों को संवेदनशील घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं। कवरेज के लिए समय और प्रोटोकॉल तय करने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन और मीडिया के बीच संवाद के लिए सशक्त माध्यम बनाने पर जोर दिया गया है। किसी तरह की इमरजेंसी होने पर जानकारी मीडिया तक पहुंचाने प्रोटोकॉल बनाने कहा गया है। इसके अलावा अन्य तरह के बिंदुओं पर भी अस्पताल प्रबंधन को तैयारी करने कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में किया अन्नदान



**रायपुर।** यूको बैंक के बीसी क्लब समूह द्वारा एकत्र धनराशि से सूखा अनाज लेकर माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में अन्नदान किया गया, जिसमें चावल, दाल, खाने का तेल, शक्कर, चायपत्ती और मसाला, नमक, साबुन, डिटर्जेंट पाउडर, टूथपेस्ट, नारियल तेल इत्यादि सामग्री शामिल रही। यूको बैंक बीसी क्लब के सदस्यों को इस वृद्धाश्रम की स्थापना से अब तक के सफर से अवगत कराया गया और सभी बुजुर्गों से सौजन्य भेंट की। इसके बाद सभी सदस्यों ने आश्रम द्वारा बुजुर्गों की सेवा की सराहना करते हुए भविष्य में भी यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, एसके घोष, जीएन दहदकर, एसएल पाल, प्रभा प्रधान, राजेंद्र निगम, बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारुल चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### गुढ़ियारी में बिना अनुमति निर्माण को तोड़ा



**रायपुर ।** नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने निगम मुख्यालय उड़न दस्ता टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर विकास नगर गुढ़ियारी बिना अनुमति किए गए निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, उप अभियंता नगर निवेश लोचन चौहान की उपस्थिति में स्वीकृति विपरीत निर्माण कार्यों पर कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में डॉक्टर ए.पी.जे अब्दुल कलाम वार्ड के विकास नगर गुढ़ियारी क्षेत्र में जुगल किशोर राय द्वारा करीबन 1200 वर्गफीट क्षेत्र भूखंड के आवासीय क्षेत्र में बिना अनुमति किए गए निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गयी है।

### "आनंदमय पितृत्व के रहस्य" पुस्तक का विमोचन



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय पितृ दिवस के अवसर पर डॉ. मानसी पत्तेवार द्वारा लिखित पुस्तक "आनंदमय पितृत्व के रहस्य" का ऑनलाइन रायपुर में विमोचन किया गया। यह पुस्तक गर्भधारण से पूर्व, गर्भावस्था के दौरान और उसके बाद पिता की भूमिका को वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इस मौके पर डॉ. मानसी ने कहा, पिता केवल सहचर नहीं, बल्कि गर्भकालीन सृजन यात्रा के सक्रिय सहभागी हैं। पुस्तक विमोचन के अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, मैट्स यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर, वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड, डॉ. आशा अंभईकर, डॉ. अनिल गुप्ता, अमित रघुवंशी, विजय साहू की टीम उपस्थित रही।

# अब दूसरों के नाम पर ट्रेन में सफर नहीं, टीटीई एम-आधार एप से यात्रियों की करेंगे पहचान

## जालसाजी और फर्जी पहचान की घटनाओं को रोकने रेलवे ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग में यूजर्स के फर्जी अकाउंट के बाद अब फर्जी पहचान पत्र से ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। ट्रेन में सवार यात्रियों की पहचान के सत्यापन के लिए चल टिकट निरीक्षकों, ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर को अतिरिक्त अधिकार दिए हैं। टीटीई अब यात्री की पहचान का सत्यापन एमआधार ऐप से करेंगे। कई बार देखा गया है कि कुछ लोग दूसरे के आधार कार्ड या नकली पहचान पत्र दिखाकर ट्रेन में यात्रा करते हैं। इसे रोकने के लिए अब टीटीई को एमआधार नाम के मोबाइल ऐप के उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। एमआधार ऐप बिना इंटरनेट के काम करता है, इसलिए टीटीई चलती ट्रेन में ऐप से यात्री की पहचान का सत्यापन कर सकेंगे। अभी उनके पास यात्री की ओर से प्रेषित किए पहचान पत्र की जानकारी को ही स्वीकार करना होता है।

### यात्री की पूरी जानकारी आ जाएगी

एमआधार ऐप में आधारकार्ड का क्यूआर कोड स्कैन करते ही टीटीई मोबाइल स्क्रीन पर यात्री की पूरी जानकारी आ जाएगी। इसमें यात्री के नाम, फोटो, जन्म तिथि एवं पता प्रमुख रूप से होगा। यदि कोई यात्री जाली आधारकार्ड का उपयोग कर रहा है, तो तुरंत धर लिया जाएगा। रेलवे बोर्ड इस सुविधा को जल्द ही विभाग के एचएचटी डिवाइस पर लाने की तैयारी में जुट गया है। यह एप्लिकेशन ऑफलाइन मोड में भी कार्य करता है, जिससे यह जालसाजी और फर्जी पहचान की घटनाओं को रोकने में उपयोगी साबित हो सकता है। रेलवे के सभी जोन से अनुरोध किया गया है कि वे अपने टिकट जांच कर्मियों को 'एम-आधार ऐप' डाउनलोड कर उसका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करें।



### रेलवे ने इसलिए किया फैसला

रेलवे को कुछ लोगों के ट्रेन में फर्जी या जाली आधार कार्ड के साथ यात्रा करने की शिकायत मिली थी। भारत में अनाधिकृत रूप से रहने वाले व्यक्तियों के साथ ही रोजगार एवं अन्य उद्देश्यों से यात्रा के लिए जाली पहचान पत्र का उपयोग किया है। यह जानकारी संज्ञान में लाए जाने के बाद रेलवे ने यात्री पहचान के लिए अद्वितीय पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई के विकसित एम आधार एप्लीकेशन के उपयोग का निर्णय किया है। इससे आधार कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा। यात्री के सत्यापन का तंत्र हाइटेक और मजबूत होगा। रेलवे को धोखा देकर कोई भी यात्री ट्रेन में आरक्षित टिकट पर यात्रा नहीं कर सकेगा।

## दूसरा गेट खोलने मांगी अनुमति, कहा- शटर खोलने का आदेश, फिर भी निगम ने 19 दुकानों को किया सील

# महापौर मीनल की मनाही के बाद मंत्री साव के पास पहुंचे पंडरी मार्केट के व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दो प्रवेश द्वार को लेकर महापौर मीनल चौबे की मनाही के बाद भी पंडरी कपड़ा मार्केट के प्रभावित व्यापारियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की ओर रुख किया है। श्री साव से दुकान का दूसरा गेट खोलने की अनुमति मांगी है। उनका ये भी कहना है पिछली सरकार द्वारा नियमितीकरण कर दिया गया है एवं शटर खोलने का आदेश उनके पास है।

मंगलवार को चैंबर के संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार सरल मोदी के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। व्यापारियों ने उन्हें बताया कि पंडरी कपड़ा मार्केट की बहुत से दुकानों का पिछली सरकार द्वारा नियमितीकरण कर दिया गया है एवं शटर खोलने उनके पास आदेश भी है। इसके बाद भी नगर निगम ने उन दुकानों को कुछ दिन पूर्व सील कर दिया, कपड़ा मार्केट के व्यापारी 50 वर्ष से ज्यादा इन दुकानों में व्यापार कर रहे हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मंगलवार को पंडरी कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने मुलाकात की। इस दौरान पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 दुकानों को नगर निगम द्वारा पिछले दिनों सील करने का मामला प्रमुखता से रखा गया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस मौके पर कहा कि पंडरी कपड़ा मार्केट की दुकानों का नियमितीकरण हो चुका है और कपड़ा मार्केट में बहुत सारी दुकानों जो नई बनी हैं, उनको भी परमिशन दी गयी है। इसके बाद भी दुकानों को सील करना उचित नहीं है। पंडरी कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष सरल मोदी, रायपुर होलसेल एंड डीलर्स के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि पंडरी कपड़ा मार्केट में पार्किंग की जो समस्या है और जो केवल सिटी मॉल के अंदर गाड़ी खड़ा न करके अव्यवस्थित रूप से सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, उसकी वजह से होती है। श्री साव ने व्यापारियों की बातें सुनने के बाद उनको आश्वस्त किया कि जल्द ही नगर निगम आयुक्त विश्वदीप से बात कर इस समस्या का समाधान करेंगे। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने बताया कि डूमतराई होलसेल मार्केट की दुकानों को पूर्ण रूप से फ्री होल्ड कर दिया गया है, पर निगम के थोक बाजार महादेव व्यापार संस संघ को अभी तक फ्रीहोल्ड नहीं किया गया है। इसके लिए होलसेल मार्केट महादेव व्यापारी संघ के अध्यक्ष तनेश आहूजा के नेतृत्व में आवेदन दिया गया।

- चैंबर के संरक्षक व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार सरल मोदी के नेतृत्व में मिले प्रभावित व्यापारी

इस इस मौके पर छत्तीसगसढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार सरल मोदी, रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के डायरेक्टर चंदर विधानी, निकेश बरड़िया, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी,राधाकृष्ण सुंदरानी, जसप्रीत सलूजा, लोकेश चंद्रकांत जैन, हरीश तोलवानी, विजय बटेजा, पंडरी कपड़ा मार्केट के तरुण बजाज, रवि स्वामी, रितेश बैद, जीतू मलगनी, राहुल गोलछा, पारस पारिख सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# दस जोन क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की सुध लेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम के 10 जोन क्षेत्र अंतर्गत शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की अब नगर निगम सुध लेगा। मूर्तियों से धूल की परत हटाकर उसकी सफाई, धुलाई कर फूलमाला सहित अन्य कार्य की व्यवस्था जोन के माध्यम से करायी जायेगी। संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने इसके लिए सभी 10 जोन के कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि महापुरुषों की प्रतिमाओं का ससम्मान समुचित संधारण कराने व्यवस्था बनायें। मंगलवार से इसकी शुरुआत जोन 2 क्षेत्र से की गयी।

- सभी जोन कमिश्नरों को संधारण की समुचित व्यवस्था कराने दिये निर्देश

महापौर मीनल चौबे के दिशा-निर्देश पर निगम के संस्कृति विभाग विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने जोन 2 क्षेत्र के शारदा चौक पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शहीद स्मारक भवन परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलनारायण शर्मा, कचहरी चौक स्थित शहीद हेमू कालाणी, पुराना बसस्टैंड पंडरी में मिनीमाता, झूलेलाल चौक में भगवान झूलेलाल की प्रतिमा, स्टेशन रोड में संजय गांधी, रेलवे स्टेशन मार्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाल चौक में राष्ट्र के प्रथम गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल, मेकाहारा परिसर में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही महापुरूषों की मूर्तियों के सम्मानपूर्वक संधारण और देखरेख की व्यवस्था कराने आवश्यक निर्देश दिये। श्री गिदवानी ने बताया जोन 2 क्षेत्र से इसकी शुरूआत की गयी है। आने वाले दिनों में बाकी के जोन में भी महापुरुषों की प्रतिमाओं की देखरेख, सफाई और समय-समय पर फूल माला की व्यवस्था संस्कृति विभाग प्रमुखता से जोन के माध्यम से करवायेगा।

# पान ठेले से गांजा, चाकू-उस्तरा बरामद, संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के गंगानगर खमतराई में पुलिस ने एक पान ठेला में छापा मारा। इस दुकान से दो किलो गांजा, चाकू एवं अस्तुरा बरामद कर उसके संचालक को गिरफ्तार किया है। इस क्षेत्र में पुलिस ने कुम्हार की दुकानों में भी छापा मारा और वहां से गांजा पीने के उपयोग में आने वाला चिलम बरामद किया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही कुम्हारों से ही नष्ट कराया और उन्हें इसे नहीं बेचने की हिदायत दी।

- कुम्हारों की दुकान से चिलम बरामद, कराया नष्ट

खमतराई पुलिस के अनुसार मंगलवार को गंगा नगर खमतराई में एक पान ठेला में पुलिस ने दबिश दी। इस पान ठेले में गांजा बेचे जाने की सूचना मुखबिर से पुलिस को मिली थी। दबिश के दौरान पान ठेला की तलाशी लेने पर दो किलो गांजा बरामद किया। आरोपी गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचा करता था। जब्त गांजा की कीमत 22 हजार रुपए है। इसके अलावा ठेला में एक झोला बरामद किया, जिसमें तीन चाकू और एक उस्तरा रखा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पांडो साहू 37 वर्ष निवासी गंगानगर के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इधर पुलिस ने इस इलाके में मिट्टी की वस्तुएं बेचने वाले कुम्हारों को भी गांजा चिलम नहीं बेचने की हिदायत दी थी। इस हिदायत के बाद भी कुम्हारों द्वारा गांजा चिलम बेचा जा रहा था। पुलिस ने 8 कुम्हार की



दुकानों में भी छापा मारकर वहां से 1700 चिलम बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया।

# आमासिवनी में जलभराव का अंदेशा नगर निगम ने निकाला समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा रोड के पास स्वर्णभूमि के कालोनाइजर द्वारा बाउंड्रीवाल बनाने से पानी एकत्रित हो रहा था, इससे आमासिवनी बस्ती में जलभराव की समस्या आती। इसे देखते हुए नगर निगम ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर संबंधित कालोनाइजर से बातचीत कर पानी निकासी का रास्ता बनवाया। जोन 9 की टीम ने इस पर तत्परता दिखाई, अब बारिश में आमासिवनी बस्ती में जलभराव की समस्या नहीं आएगी।

- कालोनाइजर से बातचीत कर पानी निकासी का रास्ता बनवाया
- जोन 9 क्षेत्र का मामला

दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के अंतर्गत आमासिवनी बस्ती क्षेत्र का पानी स्वर्णभूमि के कालोनाइजर द्वारा अपनी भूमि पर बाउंड्रीवाल बनाने से बस्ती के बाहर एकत्रित हो रहा था। इससे बारिश के सीजन में जलभराव का अंदेशा रहा, इसे देखते हुए निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने संबंधित कालोनाइजर से बात कर पानी निकासी का रास्ता टीम से निकलवाया। इससे आमासिवनी बस्ती में अब जलभराव की समस्या नहीं होगी।

# आश्रम बनाने के नाम पर किसान की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में मंगलवार को गहमागहमी का माहौल हो गया। एक किसान की जमीन पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने आश्रम बनाने के नाम पर कब्जा करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी होते ही किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना तहसील कार्यालय में दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारियों ने किसान और दूसरे पक्ष के लोगों को जमीन के दस्तावेज तहसील कार्यालय में लाने के निर्देश दिए हैं।

सड्डू क्षेत्र में रहने वाले किसान हरीश पांडे ने बताया कि उसकी 3.249 हेक्टेयर जमीन है। यह जमीन उनकी मां शांतिदेवी पांडे के नाम पर वर्ष 1981 से दर्ज है। इसी जमीन के बगल में दूसरे व्यक्ति की जमीन है। उन्होंने बताया कि दोपहर में आधा दर्जन से अधिक लोग उसकी जमीन पर पहुंचे और इस जमीन पर आश्रम बनाना है, कहकर वहां लगे सीमेंट के खंबे व फेंसिंग तार को तोड़ना शुरू कर दिया। इनमें कुछ लोग साधु की वेशभूषा धारण किए हुए थे। इस दौरान उस जमीन की देखरेख करने वाले चौकीदार ने जब यह देखा, तो उसने तत्काल इसकी जानकारी मुझे दी। इसके बाद उन्होंने डॉयल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यह मामला राजस्व संबंधित होना बताकर इसकी सूचना तहसील कार्यालय में दी।

### किसान ने की थाने में शिकायत

इधर किसान हरीश पांडेय ने इस मामले में थाने में भी लिखित शिकायत की है कि कब्जा करने का प्रयास करने वाले बदमाश प्रवृत्ति के लोग हैं, जिनसे उनकी जान को भी खतरा है। इस शिकायत में किसान ने आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया, वे उसकी जमीन के बगल वाली जमीन के मालिक के लोग हैं, जिससे उसे जान का खतरा भी है। पुलिस ने फिलहाल इस शिकायत पर एफआईआर नहीं की है। तहसील कार्यालय से जमीन के दस्तावेजों की जांच होने के बाद पुलिस इस मामले में आगे कार्रवाई करेगी।

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.न. - 00028 देवदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425440206500006

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम देवदा के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रहास पिता मालिक राम पिता/पति-पता-सा. सेजबहार के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 273/1 (0.3300), 283 (0.2100), 585 (0.4300), 603 (0.3300), 604/2 (0.1800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ना.बा. भाविका रानी, पिता/पति वली माँ दुलेश्वरी पिता स्व. चंद्रहास कोसरिया पता- सेजबहार, रायपुर, ना. बा. बरखा रानी पिता/पति-वली माँ दुलेश्वरी पिता स्व. चंद्रहास कोसरिया पता सेजबहार, रायपुर दुलेश्वरी कोसरिया पिता/पति स्व. चंद्रहास कोसरिया पता सेजबहार, रायपुर, ना.बा. भूपेन्द्र पिता/पति-वली माँ दुलेश्वरी पिता स्व. चंद्रहास कोसरिया पता सेजबहार, रायपुर, ना.बा. दिव्या रानी, पिता/पति वली माँ दुलेश्वरी पिता स्व. चंद्रहास कोसरिया पता- सेजबहार, रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार :
Vinod kumar sahu

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-08, शंकरनगर, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 16.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार तिवारी वगै. पिता स्व.लक्ष्मीनारायण तिवारी निवासी SBI के पास चौबे कालोनी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 63 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 973/5 (980/4) रकबा क्रमशः 0.0930 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ओदश दिनांक .../05/2025 के परिपालन में दिनांक 27.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 63 के शंकरनगर स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अवने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-रायपुर 08 (शंकरनगर)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. / 202506110800031/अ-6/2024-25
ग्राम-गोंदवारा, प.ह.नं. 37
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 10/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. डीगेश्वर प्रसाद साहू 02. भागबली साहू दोनों पिता स्व. नाथूराम साहू निवासी बसंत विहार कालोनी, गोंदवारा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण के पिता स्व. नाथूराम साहू पिता स्व. चैतराम साहू के नाम पर ग्राम गोंदवारा, प.ह.नं. 37. तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 305/123 रकबा 0.0660 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदकगण के पिता स्व. नाथूराम साहू पिता स्व. चैतराम साहू की मृत्यु दिनांक 30/04/2025 को हो चुकी है। मृतक खातेदार स्व. नाथूराम साहू पिता स्व. चैतराम साहू के विधिक वारिसानों में श्रीमती निर्मला बाई साहू पति स्व. नाथूराम, पुष्पा साहू, देवश्री साहू, डीगेश्वर साहू, भागबली साहू पिसरान स्व. नाथूराम है, अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. नाथूराम साहू पिता स्व. चैतराम साहू का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानगण के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अतः आवेदकगण के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 25/06/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार,
रायपुर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी4 बी-738 को श्री प्रमोद कुमार सिंघानिया पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सिंघानिया, निवासीः - 403, नीलगीरी अपार्टमेंट, ग्रीन गार्डन कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। राजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। श्री प्रमोद कुमार सिंघानिया पिता स्व.श्री श्रवण कुमार सिंघानिया की मृत्यु दिनांक 12.08.2012 को हो गया है। श्रीमती मीना सिंघानिया ने अपने पति स्व. श्री श्री प्रमोद कुमार सिंघानिया पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सिंघानिया की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमती मीना सिंघानिया पति स्व. श्री प्रमोद कुमार सिंघानिया के नाम पर नामांतरण करने में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

HEALTH TOWN

NMH
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोकन, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला मुख्यालयों में पेंशनरों का प्रदर्शन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसियेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सभी जिला मुख्यालयों में दोपहर 1:30 भोजन अवकाश के समय कर्मचारी और पेंशनर महंगाई भत्ता और एरियर्स की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। पेंशनर्स एसोसियेशन के संरक्षक विजय कुमार झा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं प्रदेश अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसियेशन पीआर यादव के निर्देश पर प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों में और कलेक्टर कार्यालयों में प्रदर्शन किया जायेगा। राजधानी रायपुर में संघ के अध्यक्ष रामचंद्र तांडी, पेंशनर एसोसियेशन के महामंत्री उमेश मुदलियार, अध्यक्ष पंकज नायक, पीतांबर पटेल कार्यकारी अध्यक्ष, नरेश वाढेर, सीएल दुबे, विश्वनाथ ध्रुव, उषा सोनी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय रायपुर में प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपा जायेगा।

### सहायक शिक्षक पद पर समायोजन 26 तक

**रायपुर।** न्यायालय के आदेश पश्चात सेवा से हटाए गए बीएड सहायक शिक्षकों की सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन के लिए ओपन काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासकीय महाविद्यालय शंकर नगर में आयोजित काउंसलिंग के प्रथम दिवस मंगलवार को 301 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 4 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों ने बताया, आमंत्रित अभ्यर्थियों में 59 अभ्यर्थी दिव्यांग श्रेणी के एवं शेष महिला अभ्यर्थी थे। द्वितीय दिवस में 300 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। रिक्त पदों की जानकारी के लिए अभ्यर्थी शिक्षा विभाग की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। काउंसिलिंग 26 जून तक चलेगी।

# भारत-पाक वार से प्रभावित रहा कार बाजार, मई में 30 फीसदी कम हुआ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पहलगाम की घटना के बाद मई में भारत ने पाक के आतंकी ठिकानों पर हमला किया, इसके बाद भारत और पाक में युद्ध की स्थिति पैदा हो गई। इसके कारण आटोमोबाइल बाजार में अस्थिरता आ गई और वाहनों का बिकना कम हो गया। देशभर में कारों का कारोबार प्रभावित हुआ। देश में जहां मई में बीते साल से चार फीसदी कारें कम बिकीं, वहीं अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसका असर पड़ा और 30 फीसदी कारोबार कम हुआ। इस समय प्रदेश के आटोमोबाइल कारोबारियों के पास तीन माह का स्टॉक भी है। इसकी वजह से ज्यादातर मॉडल ऑनडिमांड भी मिल रहे हैं। कई कंपनियां भारी डिस्काउंट भी दे रही हैं, लेकिन ग्राहक कम ही आ रहे हैं। इधर ईरान और इजरायल के युद्ध के कारण पेट्रोल की कीमत में इजाफा होने के आसार के कारण भी वाहनों की बिक्री प्रभावित हो रही है।

आटोमोबाइल सेक्टर में वैसे ही अप्रैल से ज्यादातर कंपनियों ने कारों की कीमत में इजाफा कर दिया था जिसके कारण अप्रैल में कारों की बिक्री प्रभावित हुई। मई में कारोबारियों को इस बात की संभावना थी कि कारोबार संभल जाएगा और कारों की महंगाई का असर कम हो जाएगा, लेकिन इस बीच पहलगाम की घटना के बाद जिस तरह से भारत-पाक युद्ध के हालात बने उसके कारण वाहनों का कारोबार प्रभावित हो गया और मई में कारोबार अप्रैल से ज्यादा कम हो गया।

## प्रदेश में कारों का तीन माह का स्टॉक, अब मानसून की पड़ेगी मार

### डिस्काउंट का भी असर नहीं

अब तो जून में मानसून की दस्तक भी हो गई है। ऐसे में कारों की बिक्री और प्रभावित हो रही है। इस समय देश भर में आटोमोबाइल सेक्टर में डीलरों के पास दो से तीन माह का स्टॉक है। छत्तीसगढ़ में भी डीलरों के पास करीब तीन माह का स्टॉक है। आमतौर पर यहां पर एक माह से ज्यादा का स्टॉक नहीं रहता है। इस समय कई कंपनियां अपनी कारों पर 50 हजार से लेकर पांच लाख तक का डिस्काउंट दे रही है इसके बाद भी वाहन नहीं बिक रहे हैं। मारुति के अलग-अलग मॉडलों पर 67 हजार से 2.5 लाख, टाटा में 50 हजार से 75 हजार, टोयोटा में 68 हजार से एक लाख, हुंडई में 70 हजार, महिंद्रा की एक्सयूवी 400 ईवी पर पांच लाख का डिस्काउंट मिल रहा है। अन्य कंपनियों की कारों पर भी भारी डिस्काउंट है, इसके बाद भी कारों के लेवाल नहीं मिल रहे हैं।



### तीन माह करना होगा इंतजार

कारोबारियों का कहना है कि मानसून में वैसे भी वाहनों की बिक्री कम हो जाती है। अब तो करीब तीन माह तक इंतजार करना पड़ेगा। अब वाहनों की बिक्री में बूम गणेश चतुर्थी पर ही आएगा। अगस्त में जब गणेश चतुर्थी आएगी तो इसमें लगातार 11 दिनों तक लोग शुभ मुहूर्त में वाहन लेते है। प्रदेश में इस समय सभी कंपनियों के डीलरों के पास भारी स्टॉक है ऐसे में ग्राहकों को किसी मॉडल के लिए इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा।

### दिनभर छाए बादल से तापमान गिरा पर नहीं हुई बारिश, तीन दिन बाद ही संभावना

# रायपुर-बिलासपुर से होकर अंबिकापुर पहुंचा मानसून, पशिचमी विक्षोभ बना वर्षा का रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 17 दिन ब्रेक के बाद दंतेवाड़ा से दुर्ग और 24 घंटे में सरगुजा तक पहुंचने की घोषणा



दुर्ग से चौबीस घंटे में रायपुर, बिलासपुर होते हुए अंबिकापुर तक का रास्ता नापने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी मौजूदगी का अहसास नहीं करा पाया है। रायपुर में दिनभर छाए बादल से तापमान में तो गिरावट हुई है, मगर यह बारिश का कारण नहीं बन पाया है। प्रदेश में मानसून वैसे तो 19 दिन से मौजूद है, मगर इसका असर अब तक जोरदार ढंग से कहीं नजर नहीं आया है। इसकी प्रमुख वजह मानसून द्रोणिका की मौजूदगी है।

मौसम विभाग दक्षिण-पश्चिम मानसून के सूरजपुर, बलरामपुर जैसे आसपास के इलाकों को छोड़कर शेष छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने की घोषणा कर चुका है। हालांकि मानसून आगमन के बाद भी अब तक प्रदेश के किसी इलाके में अतिभारी वर्षा नहीं हुई है। इसके अगले तीन दिन तक असरदार होने का अनुमान भी कम है। वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ बंगाल की खाड़ी में तैयार होने वाली सारी नमी को अपनी ओर खींच रहा है, जिसकी वजह से प्रदेश में छाए बादल जोरदार ढंग से बरस नहीं पा रहे हैं। मंगलवार को शहर के ऊपर काले बादल छाए रहे, जिसके बरसने की संभावना तो जताई गई थी, मगर ऐसा हो नहीं पाया और लोगों को तेज धूप से राहत की बात पर ही संतोष करना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिणी पश्चिमी बांग्लादेश और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इस पर पश्चिमी विक्षोभ का अवरोध है, हालांकि बुधवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### यहां हुई बारिश...

मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में कुसमी और गीदम में 7 सेमी., गोबरा-नवापारा में 5, दंतेवाड़ा, पुसौर, राजिम में 4 सेमी. तथा करीब दो दर्जन इलाकों में तीन से एक सेमी. तक बारिश हुई है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई इलाकों में केवल बादल ही छाए रहे। इसके असर से राज्य का अधिकतम तापमान मंगलवार को दुर्ग 37.4 डिग्री तक पहुंचा। रायपुर का पारा 33.5 डिग्री सेल्सियस से आगे नहीं बढ़ पाया।

### 58 फीसदी कम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार जून के महीने में राज्य में औसत वर्षा से 58 फीसदी कम बारिश अब तक हुई है। राज्य में 66.7 मिमी. की तुलना में केवल 27.9 मिमी. बारिश हुई है। केवल खैरागढ़, छुईखदान, बलरामपुर और दंतेवाड़ा जिले ही जून की वर्षा की सामान्य स्थिति में है। 14 जिले कम वर्षा और 16 जिले जून में कम बारिश का कोप झेल रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन सकती है।

# दवाओं पर बंद हो छूट का विज्ञापन, बगैर फार्मासिस्ट वाले मेडिकल की जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- औषधि नियंत्रक से मिला आईपीए, दवा दुकानों में डिस्प्ले पर फार्मासिस्ट का नाम

ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा दवाओं की कीमत पर छूट देने के विज्ञापन को बंद कराने की मांग फिर से उठने लगी है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने इसे लेकर औषधि नियंत्रक से मुलाकात कर सख्ती बरतने की मांग की है। उन्होंने बिना फार्मासिस्ट वाले मेडिकल स्टोर्स पर पाबंदी लगाने पर जोर दिया है। दवा दुकानों में दवा की खरीदी-बिक्री के रिकार्ड और सीसीटीवी की तरह डिस्प्ले बोर्ड में फार्मासिस्ट पंजीयन का उल्लेख करने की मांग की है।

आईपीए ने मंगलवार को ड्रग कंट्रोलर दीपक अग्रवाल एवं सहायक औषधि नियंत्रक बीआर साहू से मुलाकात की। उन्होंने अफसरों को बताया कि ऑनलाइन फार्मा कंपनियां दवाओं की एमआरपी में छूट देने के नाम भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। नियम के मुताबिक दवाओं की कीमतों पर छूट का विज्ञापन नहीं किया जा सकता। इसी तरह उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में दवा दुकान किराये के लाइसेंस में चल रहे हैं और दवाओं के प्रभाव की जानकारी नहीं होने के बाद भी आम लोगों को इसकी बिक्री कर जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने बिना फार्मासिस्ट वाली तमाम दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने अभियान चलाने की मांग की। इसके साथ कहा गया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा तमाम मेडिकल स्टोर्स में खरीदी-बिक्री का रिकार्ड रखने सहित अन्य सावधानी बरतने के लिए सख्त निर्देश जारी करता है। इसके तहत तमाम दुकानों को इस बात का निर्देश भी जारी किया जाना चाहिए कि उनके द्वारा फार्मासिस्ट का पंजीयन नंबर भी डिस्प्ले किया जाए। इसके अलावा ड्रग लाइसेंस की प्रक्रिया में फार्मासिस्ट के नियुक्ति पत्र, वेतन में कलेक्टर दर का पालन किया जाना शामिल हो। आईपीए के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव फार्मासिस्ट राहुल वर्मा, फार्मासिस्ट लव कुमार यादव, फार्मासिस्ट करण भारद्वाज, फार्मासिस्ट सालिक ओझा और फार्मासिस्ट मिलन कुमार पाल शामिल थे।

# सड़क हादसे में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बचाई चार जिंदगी, होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर









नया रायपुर के सेक्टर-2 में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति, उसकी गर्भवती पत्नी और दो साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के दौरान वहां से गुजर रही तीन युवतियों एवं दो युवकों ने एक नेक इंसान का फर्ज निभाते हुए तत्काल तीनों घायलों को न केवल तत्काल अस्पताल पहुंचाया, बल्कि समय पर इलाज होने से उन सभी की जान भी बच पाई। रायपुर पुलिस घायलों की जान बचाने वाले सभी नेक इंसानों को सम्मानित करेगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम के समय नया रायपुर सेक्टर-2 में बाइक और कार की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार व्यक्ति, उसकी गर्भवती पत्नी और दो साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया है कि जिस कार से भिड़ंत हुई, वह स्पीड में थी। कार में उसका मालिक बैठा हुआ था तथा ड्राइवर कार चला रहा था। यह घटना वहां मौजूद स्मारिका राजपूत, नितिन सिंह राजपूत, पूनम जुमनानी, तनूजा लालवानी, तनिष्क राजपूत की आंखों के सामने हुई। घटना में बच्ची बेहोश हो गई थी, उसकी सांसें भी ठीक से चल नहीं रही थी। इसे देखते हुए स्मारिका राजपूत ने बिना देर किए सीपीआर और मुंह से सांस देकर बच्ची को जीवनदान दिया। इसके बाद नितिन, पूनम, स्मारिका, तनुजा बच्ची को लेकर तुरंत पास के सत्य साईं हॉस्पिटल पहुंचे। यहां तत्काल प्राथमिक जांच के बाद बच्ची को एम्स रेफर किया गया, वहीं दंपति को अस्पताल पहुंचाने में तनूजा और स्थानीय युवाओं ने मदद की। इन दोनों को भी सत्य सांई हास्पिटल लाया गया, जहां गर्भवती महिला बार-बार बेहोश हो रही थी और पिता अत्यधिक रक्तस्राव से पीड़ित था, उसके दोनों पैर और सिर पर गंभीर चोट भी आई थी। दोनों को तत्काल इलाज मिलने से उनकी जान बच गई।

### ड्राइवर गिरफ्तार

नेक इंसानों की मदद से पुलिस ने बाइक को टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है। एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा ने कहा कि घायलों की सहायता कर उनकी जान बचाने वाले सभी नेक इंसानों को सम्मानित किया जाएगा, ताकि नेक इंसानों का मनोबल बढ़े तथा घायलों की मदद करने के लिए लोग आगे आ सकें।

# अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ, पहले दिन एक ही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया मंगलवार से प्रारंभ हो गयी। जवाहर नगर के अग्रसेन भवन में प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त करने पहले दिन एक ही फार्म लिया गया। चौबे कालोनी निवासी रमेश कुमार अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म लिया। नामांकन फार्म 18 और 19 जून को भी उपलब्ध रहेगा। 19 से 20 जून तक नामांकन दाखिल होंगे। नाम वापसी के लिए 21 जून की तारीख निर्धारित की गयी है। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र अग्रवाल, सहायक चुनाव अधिकारी विनय बजाज, प्रमोद जैन चुनावी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 29 जून को मतदान होगा। इस बार अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार सामने आये हैं, इनमें विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल का नाम प्रमुख है। ऐसे में पद का चुनाव रोचक होगा।

**एक नजर मतदाता सूची**

**कहां-कितने मतदाता**

| | |
|---|---|
| अशोका रतन | 812 |
| अवंतिविहार | 769 |
| भाठागांव, संतोषी नगर | 515 |
| कौशिल्या विहार | |
| चौबे कालोनी | 1128 |
| सिविल लाइन | 171 |
| देवेन्द्र नगर | 686 |
| फाफाडीह | 433 |
| गीतांजलि नगर | 801 |
| गुढ़ियारी | 900 |
| कचना विधानसभा | 1464 |
| कोटा | 796 |
| मोवा, कांपा | 1,099 |
| पुरानी बस्ती | 526 |
| रामसागरपारा | 321 |
| सदर बाजार | 181 |
| समता कालोनी | 1,513 |
| शैलेन्द्र नगर | 423 |
| शंकर नगर | 606 |
| टाटीबंध | 903 |
| ऑनलाइन फार्म | 358 |
| **कुल पंजीकृत सदस्य संख्या** | **14,499** |

# रविवि ने रद्द किए पर्चे तो हवन करने बैठे छात्र, एनएसयूआई का गुटों में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सोमवार को परीक्षा कार्यों में हुई गड़बड़ी के बाद मंगलवार को दिनभर विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। मजेदार बात यह रही कि मंगलवार को हुए दोनों ही विरोध-प्रदर्शन एनएसयूआई द्वारा किए गए। एक गुट द्वारा ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया गया तो वहीं दूसरे गुट ने विश्वविद्यालय प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया। गौरतलब है कि जेमोलॉजी विषय के छठवें सेमेस्टर के छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर का पेपर थमा दिया गया था। इसके बाद पर्चा स्थगित कर दिया गया। वहीं चार विषयों की परीक्षा विभिन्न कारणों से निर्धारित समय से एक से डेढ़ घंटे विलंब से प्रारंभ हुई थी।





### दिखाएं संवेदनशीलता

दूसरी ओर एनएसयूआई के एक गुट द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष "सद्बुद्धि यज्ञ" का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से व्यवस्था में त्वरित सुधार की मांग की। यज्ञ करते हुए छात्रों ने कुलपति, कुलसचिव और संपूर्ण विश्वविद्यालय प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना की, जिससे वे छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील व उत्तरदायी बनें और शैक्षणिक व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार हो। एनएसयूआई सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में हुए इस यज्ञ में कुणाल दुबे, गावेश साहू, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, रजत ठाकुर, शुभम शर्मा, हिमांशु तांडी, तनिष्क मिश्रा, मनीष बांधे सहित अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### गठित होगी जांच समिति

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की अकर्मण्यता पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। एनएसयूआई का कहना है, छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर घंटों इंतजार के बाद यह बताया गया कि पेपर ही गलत है। समस्या का कोई समाधान नहीं दिया गया। इससे छात्रों के समय, ऊर्जा और मनोबल तीनों का नुकसान हुआ। कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले में शीघ्र ही जांच समिति गठित की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान निखिल बघेल, सूरज साहू, नूर अली, विमल साहू, भोजराज, तारिक, संस्कार, नवीन, उत्कर्ष, हिमांशु, सौरभ सहित अन्य छात्र नेता उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### डॉ. बागरेचा क्लीनिक ने पूरे किए 30 वर्ष, इलाज में 50% छूट की घोषणा

**रायपुर।** मोतीबाग चौक स्थित डॉ. बागरेचा क्लीनिक ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के 30 सफल वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर मरीजों के लिए विशेष छूट की घोषणा की गई है। 18 जून से 25 जून तक क्लीनिक में निशुल्क परामर्श और इलाज पर 50% तक की छूट प्रदान की जाएगी। क्लीनिक के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा ने बीते तीन दशकों में सैकड़ों मरीजों को बिना सर्जरी के उपचार प्रदान कर राहत पहुंचाई है। ऐसे अनेक केस सामने आए, जहां मरीजों को सर्जरी के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने फिजियोथेरेपी से ही उन्हें स्लिप डिस्क, सर्वाइकल, स्पॉन्डिलोसिस, फ्रोजन शोल्डर, लकवा, बेल्स पाल्सी और अन्य मांसपेशियों व नसों की समस्याओं से सफलतापूर्वक बाहर निकाला। वहीं क्लीनिक की संचालिका डॉ. रिशा बागरेचा ने नॉन-सर्जिकल कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट में एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने मोटापा, झाईयां, झुर्रियां, हाईपर पिग्मेंटेशन, फेस व ब्रेस्ट लिफ्टिंग जैसे उपचारों में बिना सर्जरी के शानदार परिणाम दिए हैं।

### साढ़े तीन लाख...

लाख से ज्यादा है। खाद्य विभाग ने केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों को केवाइसी कराने लगातार अपील भी की जा रही है, इसके बाद भी लोग केवाइसी नहीं करा रहे हैं।

**लगातार बढ़ी है केवाइसी की तारीख, इस बार कोई आदेश जारी नहीं-** एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत देशभर में राशन कार्ड सदस्यों को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए प्रत्येक सदस्य को अपना आधार को राशन दुकान के ईपॉश मशीन में एंट्री कराकर फिंगर स्कैन कराना है। रायपुर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत कुल 6 लाख 45 हजार 681 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 22 लाख 31 हजार 425 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 18 लाख 78 हजार 701 सदस्य ई-केवायसी करा चुके हैं, वहीं 3 लाख 52 हजार 724 सदस्यों ने अभी तक केवाइसी नहीं कराया है। सरकार ने कोई भी पात्र सदस्य राशन लेने से वंचित न हो इसे ध्यान में रखते हुए कई बार केवाइसी की तारीख आगे बढ़ाई है। इसके बाद भी लोग केवाइसी कराने में लापरवाही बरत रहे हैं। जिले में जिन सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराया है, उन्हें अभी तक उनके कोटे का राशन प्राप्त हो रहा है, लेकिन जुलाई से उन्हें वंचित होना पड़ सकता है, क्योंकि केंद्र ने केवाइसी के लिए अंतिम तारीख 30 जून निर्धारित की है और इसे बढ़ाने संबंधित कोई दोबारा आदेश जारी नहीं हुआ है। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि यह अंतिम तारीख हो सकती है।

**तारीख बढ़ी नहीं तो नाम होंगे ब्लॉक-** केवाइसी की तारीख अगर बढ़ाई नहीं गई, तो एक जुलाई से केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों को राशन मिलना भी बंद हो जाएगा। सूत्रों के

## पेज 11 के शेष...

अनुसार ऑनलाइन साफ्टवेयर से ऐसे सदस्यों के नाम ऑटोमेटिक ब्लाक हो जाएंगे।

### नए वैरिएंट की...

आए। चिकित्सकों के अनुसार सभी के लक्षण साधारण सर्दी-खांसी और बुखार वाले हैं। इन्हें एहतियात बरतते हुए प्रोटोकाल के तहत होम आइसोलेशन में रहकर दवा खाने की नसीहत दी गई है। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों के सैंपलों की जीनोम सीक्वैसिंग नहीं कराई जा रही है, इसलिए यहां कोरोना के नये वैरिएंट का पता नहीं चल पाया है। अफसरों के अनुसार कोविड के संक्रमितों में आने लक्षण में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से इसका स्वरूप बदलने की संभावना भी कम है। राज्य में कोरोना की वजह से राजनांदगांव में एक वृद्ध की मौत हुई है, जो कोमार्बिडिटी से पीड़ित था। वर्तमान में स्थिति में कोविड के कुल 57 एक्टिव केस है, जिसमें से 12 विभिन्न अस्पतालों में और 45 होम आइसोलेशन में रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं। 73 संक्रमितों की रिपोर्ट प्रोटोकाल के तहत निगेटिव आ चुकी है।

### किराना दुकान में...

काम कर रहे हैं। आबकारी विभाग ने दो दिन पहले पहले ही दलदलसिवनी स्थित एक किराए के मकान में दबिश देकर मध्यप्रदेश की शराब जब्त की थी, वहीं बुधवार रात को शहर के हांडीपारा स्थित एक किराना दुकान में छापा मारकर वहां से विभिन्न ब्रांड की 15 बोतल शराब बरामद की है। यह शराब भी मध्यप्रदेश की है। **किराना दुकान की आड़ में बेचता था शराब, बिस्किट-** आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हांडीपारा निवासी कन्हैयालाल लूलिया मोहल्ले में किराना दुकान का संचालन करता है। इस दुकान की आड़ में वह शराब बिक्री का काम भी करने लगा था। उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि इसकी मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम दुकान में छापा मारा। इस दौरान दुकान की तलाशी लेने पर दुकान में रखी पेटियों के अंदर बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री के साथ शराब की बोतलें भी मिलीं। आरोपी ने शराब की बोतलों को खाद्य सामग्री के नीचे छिपाकर रखा था। टीम ने दुकान से मध्यप्रदेश की 10 ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की, 4 रॉयल स्टैग व्हिस्की तथा एक रॉयल चैलेंज व्हिस्की कुल 15 बोतल शराब बरामद की है। इस मामले में दुकान संचालक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी के...

पड़ सकता है। मुख्य स्टेशन से ट्रेन संचालन से निगरानी आसान होगी फिलहाल जो समय-सारिणी तय की गई है, उसके अनुसार ट्रेन सुबह 6:10 बजे मदन महल से प्रस्थान कर दोपहर 1:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में यह रायपुर से दोपहर 2:45 बजे चलकर रात 10:10 बजे मदन महल पहुंचेगी। लेकिन यह यात्रा अवधि (लगभग 7 घंटे 40 मिनट) रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। जबलपुर-गोंदिया रूट पर पहले से ही ट्रेनों की क्रॉसिंग और कई जगहों पर ठहराव के चलते देरी की आशंका बनी रहती है। मदन महल की तुलना में जबलपुर मुख्य स्टेशन से ट्रेन संचालन से निगरानी आसान होगी, रखरखाव बेहतर हो सकेगा और यात्रियों को लंबी दूरी की कनेक्टिंग ट्रेनों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

पीड़ित बच्चे ऑटिज्म को हराकर ...

लाइव इवेंट

## अग्निवीर भर्ती के लिए 30 जून से 10 जुलाई तक होगी ऑनलाइन परीक्षा



**रायपुर।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (CEE) की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून 2025 से 4 जुलाई 2025 एवं 7 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में प्रतिदिन तीन/चार शिफ्टों में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के प्रवेशपत्र 16 जून 2025 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

### छत्तीसगढ़ में निर्धारित परीक्षा केंद्र

बिलासपुर में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तूरी रोड, लाल खदान और डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी, करगीरोड कोटा, रायपुर में आईओएन डिजिटल जोन, सरोना भिलाई (दुर्ग) में पर्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, सिरसाकला, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बालोद रोड और जगदलपुर में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा। भारतीय सेना ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेशपत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टता के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप) के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है। उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने की सख्त सलाह दी गई है।

● ट्रिपलआईटी के स्टूडेंट्स को देश की बड़ी कंपनियों में मिली जगह, कहा-रिजेक्शन से सीखा, स्किल्स पर किया काम

# कोडिंग स्किल्स से बदली किस्मत, महीनों तक इंटरव्यू की तैयारी, रिसर्च पेपर की पढ़ाई से मिली अमेजन-गूगल में जगह

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में विद्यार्थियों को देश-विदेश की नामी कंपनियों में काम करने का मौका मिल रहा है, जिसमें ट्रेड डेस्क, गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां शामिल हैं। पहली बार विद्यार्थी को 1.20 करोड़ का प्लेसमेंट ट्रेड डेस कंपनी द्वारा मिला। हरिभूमि ने संस्थान के विद्यार्थियों से बातचीत की और विद्यार्थी जीवन के सफल-असफल प्रयासों को बताया। कहा कि सलेक्शन के पीछे सालों की मेहनत है, कॉलेज के पहले दिन से ही कड़ी मेहनत शुरू की। प्रशिक्षकों की सलाह पर प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसके कारण कंपनियों को छात्रों के हुनर की पहचान हुई।



### कॉलेज के पहले दिन से ही खुद पर काम किया

*हरिभूमि से बातचीत में 21 वर्षीय लक्ष्य गर्ग ने बताया कि कॉलेज का हर एक दिन खुद को बेहतर बनाने के लिए काम किया है, जहां कंपनी से रिजेक्शन के बाद भी केवल अपनी खामियों पर काम करता रहा। गूगल जैसी बड़ी कंपनी में सलेक्शन का मुख्य कारण मेरी मेहनत है, रोजाना इंटरव्यू के लिए तैयारी की, सफलता हासिल करने तक एक ही लक्ष्य रहा, टेक्नीकल फील्ड के प्रॉब्लम पर जोर दिया और ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। स्पर्धा में हिस्सा लेने से छोटी-बड़ी गलती पर सुधार करने का मौका मिलता है। उत्तरप्रदेश निवासी लक्ष्य ने बताया कि गूगल कंपनी में 61 लाख का पैकेज मिला है, जिसके लिए दो चरणों में इंटरव्यू लिया गया। कॉलेज के पहले दिन से ही रोजाना मेहनत की, खुद को बेहतर बनाने का प्रयास किया, इंटरव्यू से सवाल-जवाब की प्रक्रिया को समझा और असफलता मिलने पर उसे मोटिवेशन के रूप में लेकर आगे बढ़ा। इन चार बिंदुओं के आधार पर कंपनी सलेक्शन का सिलसिला जारी रहा।*

### 22 साल की उम्र में अमेजन कंपनी में सफल जॉब



22 वर्षीय हर्षित कुमार चौबे ने बताया कि अमेजन में इंटर्नशिप के तीन माह में ही स्ट्रांग हायर में मेरा नाम दर्ज था, जो केवल 1 प्रतिशत प्रतिभागियों को ही मौका मिलता है। इंटर्नशिप के दौरान कड़ी मेहनत और काम के प्रति लगन देखकर यह मौका मिला और 50 लाख का पैकेज तय किया। अमेजन से पहले आईवीएम और रीमोर्ट जैसी कंपनी से इंटर्नशिप करने का मौका मिला। विद्यार्थी जीवन में 3-4 साल केवल पढ़ाई पर ध्यान दिया और अनेक एक्टिविटीज में हिस्सा लिया, जिसके चलते 3 इंटरनेशनल कॉफ्रेंस में लंदन, मलेशिया और थाईलैंड जाने का मौका मिला। अमेजन में सलेक्शन के पीछे विद्यार्थी जीवन की तैयारी है, जिसके लिए रोजाना देर रात तक कोडिंग व रिसर्च पेपर पर विशेष ध्यान दिया है। बारहवीं के बाद एक साल कोटा में पढ़ाई की, जिसके बाद कोरोना के कारण वापस घर आना पड़ा। इस स्थिति में घर की तैयारी से ही ट्रिपल आईटी में दाखिला मिला, कॉलेज के पहले साल ही मां का देहांत हो गया। जो जीवन का सबसे मुश्किल भरा वक्त रहा।

### 10 कंपनियों से रिजेक्शन के बाद मिली सफलता



23 वर्षीय गौरव त्रिपाठी ने कहा कि बचपन से बड़ी कंपनी में काम करने की इच्छा रही, जिसके लिए लगभग 10 कंपनियों से रिजेक्शन भी फेस किया है। डीई शॉ कंपनी में सिलेक्शन से पहले की तैयारी और इंटरव्यू ने मदद की, जिससे अब 56 लाख का पैकेज हासिल किया है। शुरुआती दिनों में वेब डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर काम किया, जिसके बाद कॉम्पिटेटिव प्रोग्रामिंग और सिस्टम डिजाडन को समझा। कॉलेज में सिस्टम डिजाइन को लेकर प्लान तैयार किया, लेकिन 3-4 कंपनियों से रिजेक्शन मिला। इंटरव्यू के दौरान गलती और खामियों पर काम किया, जिससे एक बेहतर इंटरव्यू के लिए खुद को तैयार किया है। कॉलेज में सबसे ज्यादा समय कोडिंग सीखने में लगा, जो जॉब में भी काम आ रहा।

सिटी इवेंट

## विज्ञान महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू



**रायपुर।** शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मंगलवार को सॉफ्ट स्किल्स विषय पर सात दिवसीय शुभारंभ हुआ। यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 24 जून तक चलेगा। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन का नेतृत्व, तनाव प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तिव विकास, योग और ध्यान, संचार कौशल एवं कार्य नैतिकता विषय पर इनके विशषज्ञों के व्याख्यान हाइब्रिड मोड में आयोजित किए गए हैं। प्रोग्राम के पहले दिन को नेतृत्व कौशल विषय पर व्याख्यान आयोजित किय गया। डॉ. वर्षा करंजगांवकर द्वारा विषय का परिचय देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में नेतृत्व कौशल की उपयोगिता पर उन्होंने प्रकाश डाला एवं महाविद्यालय को सीएसआर मद से प्राप्त सहयोग के लिए कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं प्रोग्राम के प्रमुख वक्ता प्रो. राजेश दुबे का परिचय डॉ. सरोज शर्मा द्वारा दिया गया। प्रो. दुबे ने नेतृत्व कौशल विषय पर विभिन्न बोध कथाओं एवं महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन प्रसंगों के माध्यम से अपनी बात रखी।

### हाइब्रिड मोड में विशेषज्ञों का व्याख्यान

हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता दास द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर विमल कानूनगो द्वारा किया गया। प्रोग्राम में संबंधित विविध विषय पर इनके विशषज्ञों के व्याख्यान हाइब्रिड मोड में प्रस्तुत कर रहे हैं।

## माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक आज, सेवा कार्यों की होगी समीक्षा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की पंचम कार्यकारिणी बैठक नवयोग 18 जून बुधवार को भाटापारा में होगी। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महेश पूजन से होगी। प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने बताया कि सभा के पूर्व अध्यक्ष रामरतन मुंदड़ा द्वारा उद्बोधन के पश्चात राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी द्वारा सभी पदाधिकारियों को समाजहित में किए जा रहे कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान कोषाध्यक्ष द्वारा आय–व्यय प्रस्तुत करने के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यों की समीक्षा कर भविष्य के कार्यों पर चर्चा कर रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा।

## संगीत साधना से कलाकार को किया याद, राग दुर्गा पर दी मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** कमला देवी संगीत महाविद्यालय में विदूषी डॉ. अनीता सेन की पुण्यतिथि पर स्मृतिसभा एवं सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगीत साधना के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के विद्यार्थियों श्रुति विश्वास, वर्षा चतुर्वेदी, प्रीति पांडा और मयंक बैरागी के खयाल से हुई, जिसमें राग दुर्गा, भीमपलासी, दरबारी कानड़ा और राग बागेश्री की रचनाएं शामिल रहीं। कुमुद लाड ने विदूषी अनीता सेन के शैक्षणिक योगदान, शांत नेतृत्व और विद्यालय परिसर में उनके महत्व पर विचार साझा किए। डॉ. साधना कसार, लक्ष्मीनारायण विद्यालय व संगीत महाविद्यालय की पूर्व छात्रा व अब शासकीय कन्या विद्यालय, महासमुंद की सेवानिवृत्त प्राचार्या ने व्यक्तिगत संस्मरण साझा करते हुए बताया कि कैसे डॉ. सेन शिक्षा एवं संगीत दोनों में उनकी प्रेरणा बनीं। अंतिम प्रस्तुति में डॉ. दीपक बेडेकर द्वारा राग यमन में दो रचनाओं का सांगीतिक प्रस्तुतीकरण हुआ, जिनमें हारमोनियम पर निखिल सोनी तथा तबले पर नारायण केहरी, कमललोचन साहू की संगत रही।

## सायबर क्राइम-इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड के हैं शिकार तो 1930 नंबर पर करें कॉल



**रायपुर।** साइबर क्राइम, इंटरनेट बैंकिंग फ्राड और अन्य अपराधिक प्रकरण जागरूकता के लिए भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में यह सेमीनार हुआ। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस अधिकारी डॉ. संकल्प राय प्रमुख रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद वासनीक ने किया। संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर साइबर एक्सपर्ट ने साइबर क्राइम की घटनाओं से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का अननोन कॉल आता है, उसे सोच समझकर अटेंड करें। जबाब भी सोच समझकर दें। किसी को भी अपना पासवर्ड, ओटीपी या अन्य जानकारी अपने संबंध में सांझा न करें। ऐसी कोई घटना होती है तो तुरंत सायबर क्राइम नम्बर 1930 को सूचित करें। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर शिक्षा मित्र सोसाइटी, तथागत समाज कल्याण समिति, तथागत म्यूजियम ग्रुप, तथागत महिला समिति प्रतिनिधियों के अलावा कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, प्रितेश पाटील, रंजू खोब्रागडे, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, जेबी पाटील, वसंत नंदेश्वर, भागवत बागडे, रविन्द्र गाडगे, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, आनंद चव्हाण, सुरेश श्यामकुंवर सहित अन्य मौजूद थे।

हेल्थ अपडेट रखने यू-ट्यूब वीडियोज से भी ले रहे मदद

कार्नर न्यूज

# होम जिम एक्विपमेंट्स की डिमांड बढ़ी, फिट रहने पर्सनल एक्सपट्र्स से टिप्स लेकर घर पर वर्कआउट



रायपुर। फिटनेस को लेकर आजकल युवा ही नहीं, बल्कि हर एज ग्रुप के लोगों में क्रेज है। जिम में वर्कआउट के अलावा अब होम जिमिंग भी चलन में है। फिटनेस रिलेटेड यूट्यूब वीडियोज देखकर और पर्सनल फिटनेस एक्सपर्ट की सलाह लेकर जिम जाए बिना लोग घर पर ही वर्कआउट कर फिटनेस इम्प्रूव कर रहे हैं। ऐसे में वर्कआउट के लिए सलेक्टेड होम जिम एक्विपमेंट बाजार से कैरी कर रहे हैं। इन होम जिम एक्विपमेंट का इस्तेमाल कर आसानी से घरों में कम स्पेस में सेटअप कर वर्कआउट किया जा रहा है। बाजार के जिम एक्विपेमेंट शॉप या ऑनलाइन से लोग अपनी फिटनेस के अनुरूप प्रिफर कर रहे हैं। इसके अलावा बॉडीवेट एक्सरसाइज में स्क्वैट्स, पुशअप्स, लंज, प्लैंक और क्रंचेस जैसे व्यायाम तथा कार्डियो के लिए रस्सी कूदना, इंडोर साइकिलिंग एवं योग का भी सहारा लिया जा रहा है। शरीर को लचीला बनाए रखने घर की साफ-सफाई, डस्टिंग, मॉपिंग, सीढ़ियां चढ़ना-उतरना जैसे काम से भी फिट बन रहे हैं। ऐसे लोग, जो मानसून के मौसम में बारिश के कारण अक्सर वॉक पर नहीं जा पाते, उनके लिए भी होम जिम एक्विपमेंट उनके फिटनेस को मेंटेन रखने में काफी सहायक साबित हो सकते हैं। फिटनेस एक्सपट्र्स के मुताबिक, बाजार में एक से बढ़कर एक होम जिम एक्विपमेंट उपलब्ध है। 4 साल पहले आए कोविडकाल के समय से होम जिम एक्विपमेंट से होम जिमिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है। होम जिम की सिटी के बाजार में उपलब्धता, डिमांड के साथ होम जिमिंग के फायदे के बारे में फिटनेस एक्सपर्ट से जाना गया।



### ये एक्विपमेंट को कैरी कर रहे

पहला सबसे पसंदीदा होम जिम एक्विपमेंट में होम जिम मल्टी फंक्शनल मशीन है। दूसरा ग्रैविटी टैनर, तीसरा रजिस्टेंस बैंड्स, चौथा स्पीड जंप रोप, चौथा जिम योगा मैट, पांचवा एक्सबॉल, छठवां बैलेंस डिस्क, सातवां न्यूप्रेरेन हैंड वेट, आठवां क्रॉस ट्रेनर जिम साइकिल जैसे सलेक्टेड होम जिम एक्विपमेंट मार्केट में उपलब्ध हैं, इनकी डिमांड हर एज ग्रुप के लोगों में बढ़ी है।

### होम जिमिंग पर एक्सपट्र्स की राय

शहर की जानी-मानी जिम एक्सपर्ट एवं योगा ट्रेनर मधु साहू का कहना है कि यू-ट्यूब पर होम जिम सेटअप, वर्कआउट, एक्विपमेंट के बारे में जानकारी लेकर होम जिमिंग स्टार्ट की जा सकती है, लेकिन इन सबके लिए थोड़ी सावधानी व जागरूकता बरतनी होगी। होम जिमिंग करने या एक्विपमेंट मशीन खरीदने पर्सनल फिटनेस ट्रेनर से सलाह जरूर लें। उन्होंने बताया कि बाजार में कई तरह के होम जिम एक्विपमेंट आए हुए हैं। इसके अलावा घर पर उपलब्ध कुछ सामान से भी वर्कआउट किया जा सकता है।

सिटी लाइव

## खेल के दौरान दुर्घटना से बचाने एक्सपर्ट देंगे ट्रेनिंग



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को खेल के दौरान होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचाने के लिए विशेषज्ञों की टीम विशेष जानकारी देगी। यह टीम भारत सरकार से मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों की होगी, जो खिलाड़ियों को स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों, विशेषकर हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों से बचाव और तत्काल प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षण देगी। हाल ही में सप्रे मैदान में बैडमिंटन खेलते समय एक खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। इसी तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें 23 जून को होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इस दौरान राज्य में खेल गतिविधियों की स्थिति और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। ओलंपिक संघ की ओर से बताया गया कि राज्य के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कोचेस द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निकट भविष्य में एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे आगामी राष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रदर्शन बेहतर हो सके।

### ये रहे उपस्थित

*छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन महेश गागड़ा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सहसचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे।*

● ऑटिज्म रिहैबिलेशन सेंटरों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स सामान्य जीवन देने कर रहे प्रयास

# पीड़ित बच्चे ऑटिज्म को हराकर सामान्य जीवन में लौटकर स्पोर्ट्स-बिजनेस में बना रहे मुकाम

**ऑटिज्म से पीड़ित ऐसे बच्चे, जो उम्र के लिहाज से बढ़ते तो जाते हैं, लेकिन उन्हें सामान्य तौर पर व्यवहार कर पाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, जो अपने आसपास की दुनिया में लोगों के साथ घुलने-मिलने, बातचीत करने, देखने, सुनने में खुद को असमर्थ पाते हैं, सामान्य से विचित्र व्यवहार करते हैं, ऐसे बच्चों को फिर से सामान्य व्यावहारिक जीवन में वापस लाने का प्रयास करना मानवता की सच्ची सेवा है। ऑटिज्म जैसे चुनौतीपूर्ण शारीरिक व मानसिक डिस्ऑर्डर से उबरने के बाद खुद के पैरों पर खड़े होकर दुनिया में अपना मुकाम बनाना बड़े गर्व की बात है।**

**रायपुर।** आज ऑटिज्म प्राइड डे पर शहर के ऐसे ही ऑटिज्म रिहैबिलेशन सॉइकोलॉजिस्ट और उन पीड़ित बच्चों की प्रेरणादायक स्टोरी हरिभूमि की टीम साझा कर रही है। ऑटिज्म प्राइड डे हर साल 18 जून को मनाया जाता है। यह दिन ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के लिए गौरव और आत्मस्वीकृति का उत्सव है और यह ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने का एक अवसर है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार कोई बीमारी नहीं है, समय पर पहचान और सही थैरेपी से बच्चों को इस गंभीर अवस्था से उबारा जा सकता है।

ऑटिज्म प्राइड डे आज



### केस -1



शहर की साइकोलॉजिस्ट डॉ. सिमी श्रीवास्तव पिछले 31 वर्षों से ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड इम्पॉवरमेंट संस्था में थैरेपी व ट्रेनिंग देने में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि 2019 में शहर की एक फैमिली ने अपने 16 साल के बालक को ऑटिज्म थैरेपी व ट्रेनिंग के लिए इंस्टीट्यूट लाया था। वह बच्चा लेवल 1 ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर से पीड़ित था, हमने इंस्टीट्यूट में उनके ऑटिज्म का लेवल पहचान लिया। पीड़ित बच्चे की करीब 4 साल तक स्पीच थैरेपी एवं खेल में रुचि होने के मुताबिक उन्हें स्पोर्ट्स की वोकेशनल ट्रेनिंग दी। साथ ही उनकी फैमिली को भी ट्रेनिंग दी गई। वह बच्चा 2024 में नेशनल ओलिंपिक गेम्स में पदक जीतकर लाया है।

### केस -2

ऑटिज्म रिहैबिलेशन साइकोलॉजिस्ट रोमा कौशिक ने बताया कि वे पिछले करीब 6 वर्षों से देवेंद्र नगर स्थित किड्स केयर ऑटिज्म रिहैबिलेशन इंस्टीट्यूट में पीड़ित बच्चों की काउसिलिंग कर थैरेपी, वोकेशनल ट्रेनिंग दे रही हैं। सालभर पहले एक सिटी से ही एक पैरेंट्स 17 साल की अपनी बेटी को लेकर इंस्टीट्यूट आए थे। बालिका के ऑटिज्म की जांच कर 2 सालों तक लगातार थैरेपी व वोकेशनल ट्रेनिंग के अंतर्गत उन्हें उनकी रुचि के मुताबिक म्यूजिक क्लास, डांस, कंप्यूटर्स सिखाया गया। आज वे अपना खुद का आईस्क्रीम पार्लर व जनरल स्टोर चला रही हैं।

### केस 3

साइकोलॉजिस्ट डॉ. सिमी श्रीवास्तव ने ही बताया कि एक 4 साल की बालिका बातचीत कर पाने में असमर्थ था। उसकी मां जो हाउस वाइफ थी, वह मेरे पास लेकर आई थी, उसे करीब 4 साल तक ऑक्यूपेशनल थैरेपी दी गई। आज वह 8 साल की उम्र में सामान्य हो गई है। वह सामान्य बच्चों के साथ अब स्कूल जा रही है। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं है। यह कंडीशनल बदलाव है, जिसे कुछ व्यावहारिक सावधानी व जागरूकता बरतकर बच्चों को उस अवस्था से निकाला जा सकता है।

### चार स्तर पर चिन्हांकित कर देते हैं थैरेपी



ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को चार स्तर पर चिन्हांकित करते हैं। पहला अल्प, दूसरा मध्यम, तीसरा गंभीर और चौथा गहन ऑटिज्म के स्तर से पीड़ित बच्चे। इसकी पहचान के अनुरूप ही पीड़ित बच्चे की कौन-सी थैरेपी दी जाए, इसका निर्धारण किया जाता है। इसके अंतर्गत पीड़ित बच्चे को दुनिया को देखने और बातचीत करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरे स्तर के ऑटिज्म में सामाजिक संचार, व्यवहार पैटर्न और संवेदी प्रसंस्करण में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह तीसरे व चौथे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार में मस्तिष्क के विकास से संबंधित एक स्थिति है, जो दूसरे लोगों को देखने और उनके साथ सामाजिक व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करती है। इससे संचार और सामाजिक रूप से दूसरों के साथ घुलने-मिलने में समस्याएं होती हैं। इस स्थिति में व्यवहार के सीमित और दोहराए जाने वाले पैटर्न भी शामिल हैं।

कैंपस लाइव

## दिशा कॉलेज के कैंपस ड्राइव में 25 पदों पर हुआ प्लेसमेंट



**रायपुर।** रामनगर कोटा स्थित दिशा कॉलेज में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हैवेल्स इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कैंपस ड्राइव कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिशा कॉलेज हमेशा से ही अपने विद्यार्थियों को एक अच्छा प्लेसमेंट सेल देने के लिए प्रयासरत रहा है। कॉलेज अपने विद्यार्थियों को कैंपस से कॉर्पोरेट तक ले जाने में अहम भूमिका का निर्वाह करता है। कैंपस ड्राइव कार्यक्रम में आशीष गुप्ता एवं नितिन राजपाल एवं उनकी टीम ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट कंपनी व पदों के बारे में जानकारी दी। आशीष गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी मार्केटिंग एसोसिएट एवं सेल्स मैनेजर की पदों पर आज प्लेसमेंट पाने वाले स्टूडेंट्स के लिए यह एक अनुभव एवं कॅरियर के लिहाज से सुनहरा मौका है। भविष्य में हम चाहेंगे कि इसी तरह से कॉलेज के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट बड़ी इंटरनेशनल कंपनियों में हो। उन्होंने प्लेसमेंट पाने वाले छात्र-छात्राओं को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


### मार्केटिंग एसोसिएट एवं सेल्स मैनेजर के लिए प्लेसमेंट

कॉलेज में 25 पदों की नियुक्ति के लिए कैंपस ड्राइव आयोजित किया, जिसमें मार्केटिंग एसोसिएट एवं सेल्स मैनेजर पदों पर नियुक्ति रखी गई। इसमें कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कैंपस ड्राइव के आयोजन से सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित एवं प्रफुल्लित दिखे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन शोएब पाशा को-ऑर्डिनेटर कैरियर गाइडेंस द्वारा किया गया।

## प्रदेश में बढ़ रहा मगरमच्छों का सुरक्षित ठिकाना







*रायपुर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में स्थित कोटमीसोनार जलाशय इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जहां मगरमच्छों की स्वस्थ और स्थिर आबादी दर्ज की गई है। यह परियोजना वर्ष 2006 में प्रारंभ की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य कोटमीसोनार सहित आसपास के क्षेत्रों में मगरमच्छों का संरक्षण करना है। दिसंबर 2024 में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर द्वारा जांजगीर-चांपा वनमंडल के सहयोग से कोटमीसोनार तथा आसपास के अन्य जलाशयों में मगरमच्छों की गणना की गई। इस सर्वेक्षण में कई किशोर और वयस्क मगरमच्छों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो क्षेत्र में इनकी स्थिर आबादी का संकेत देती है। संस्था के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि ये मगरमच्छ पूरे वर्ष एक ही जलाशय में देखे जा सकते हैं। यह तथ्य इस बात की पुष्टि करता है कि कोटमीसोनार क्षेत्र अब मगरमच्छों के लिए एक उपयुक्त, सुरक्षित और स्थायी प्राकृतिक आवास बन चुका है।*

## सावन से पहले मंदिरों में तैयारी, विशेष पूजन एवं रूद्राभिषेक के लिए पंजीयन शुरू

**हाटकेश्वर महादेव मंदिर में सावन से पहले गुरु पूर्णिमा से सहस्रधारा पूजन की शुरुआत**

**रायपुर।** सावन से पहले मंदिरों में जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं, साथ ही साज-सज्जा और रंगरोगन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इस वर्ष सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 9 अगस्त तक चलेगा। इस शुभ अवसर पर शहर के प्राचीन मंदिरों में विशेष पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालु शिवलिंग पर रूद्राभिषेक के लिए मंदिर में पंजीयन करा सकते हैं। इन दिनों शिव मंदिरों में यह सिलसिला शुरू हो गया है।



### सावन से पहले मंदिर में साज-सज्जा

हरीश भाई जोशी ने बताया कि सावन के शुभ उपलक्ष्य से पहले मंदिर प्रांगण में नवीनीकरण कार्य किया गया है, प्रतिमा को मनमोहक रूप में सजाया गया। सावन शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में साज-सज्जा की गई है, जो निरंतर सावनभर देखने को मिलेगी।बूढ़ातालाब स्थित दत्तात्रेय मंदिर के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में सावन के 15 दिन मुख्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सावन की तैयारी को लेकर रविवार 22 जून को बैठक होने जा रही है, सावन से पहले रोजाना लगातार 60-70 श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए शामिल होते हैं। जो सावन के दौरान 100-150 की संख्या तक होते हैं।

### शिवलिंग पर विशेष श्रृंगार के लिए पंजीयन शुरू



हाटकेश्वर महादेव मंदिर से सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि सावन से पहले गुरु पूर्णिमा से सहस्त्रधारा पूजन की शुरुआत होगी, जो निरंतर रक्षाबंधन तक जारी रहेगी। सावन के पावन अवसर पर प्रत्येक रविवार और सोमवार को विशेष श्रृंगार किया जाएगा, इसमें श्रद्धालु अपने अनुसार श्रृंगार करा सकते हैं, जिसमें फल, फूल, खोवा जैसी अनेक चीजों से श्रृंगार किया जाता है। इसके लिए मंदिर में पंजीयन शुरू हो गया है। सरोना स्थिति शिव मंदिर से शंकर गोस्वामी ने बताया कि पहले दिन से ही अभिषेक शुरू हो जाएगा, जो निरंतर एक माह चलेगा। इस दौरान सावन के तीसरे सोमवार को स्वर्ण-चांदी और पोशाक से विशेष श्रृंगार होगा। इस वर्ष नई पोशाक और ज्वेलरी मंदिर में लाई गई है।

### एक माह अखंड रामायण पाठ का जाप

नरहरेश्वर महादेव मंदिर से देवचरण शर्मा ने बताया कि सावन के एक दिन पहले से मंदिर में अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होगी, जो निरंतर सावनभर जारी रहेगा। इस खास मौके पर एक माह तक मंदिर के पट बंद नहीं किए जाएंगे, जिसके लिए 24 श्रद्धालु हर एक घंटे पाठ करेगा। नीलकंठेश्वर मंदिर से पुजारी जनार्दन पांडे ने बताया कि सावन से पहले दिन से ही रूद्राभिषेक शुरू हो जाता है, जिसके लिए श्रद्धालु पंजीयन भी करा सकते हैं। इन दिनों रोजाना भक्तों की संख्या पंजीयन के लिए मंदिर पहुंच रही है, विशेष रूप से लोग अपनी आस्था व मन्नत पूर्ण होने पर यह कराते हैं।

## प्रभु जगन्नाथ को पिला रहे औषधीय काढ़ा, बालभोग में फल और खिचड़ी

**जगन्नाथ रथयात्रा 27 जून को, चल रही तैयारी**

**रायपुर।** ओडिशा के पुरी शहर में हर साल की तरह इस साल भी 27 जून को बड़े ही धूमधाम से जगन्नाथ रथयात्रा पर्व मनाया जाएगा। यह उत्सव भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को समर्पित रहता है। इसी तरह रायपुर के जगन्नाथ मंदिरों में रथयात्रा की तैयारियां चल रही हैं। लोगों की भावना है कि स्नानयात्रा के अगले दिन से महाप्रभु बीमार पड़ जाते हैं। इसी भाव के साथ टूरीहटरी समेत गायत्री नगर, सदर बाजार और कोटा के जगनाथ मंदिर में भगवान की सेवा की जाती है। सुबह और शाम उन्हें भोग में औषधियुक्त काढ़ा अर्पित किया जा रहा है।



### रंगरोगन शुरू पहुंचे कलाकार

*बालभोग में फल और खिचड़ी शामिल है। 26 जून तक यही क्रम चलेगा। इस दिन नेत्र उत्सव मनाया जाएगा। स्वस्थ होकर प्रभु श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इधर पुरानी बस्ती के टूरीहटरी जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगनाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमा के रंगरोगन का काम शुरू हो गया है। इसके लिए ओडिशा के कालाहांडी जिले के रेहांगला गांव से कलाकार आते हैं। इस बार कलाकार विक्रम कुमार चित्रकार रायपुर पहुंचे। विक्रम के मुताबिक, उनकी 6 पीढ़ियां इसी कार्य में जुटी हैं। जब वे 1994 में पहली बार अकेले आए तो मानदेय के रूप में 50 रुपए मिले थे और अब 7 से 8 हजार रुपए मिलते हैं।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### साय को आमंत्रित किया अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस आयोजन में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के मुख्यमंत्री और अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ विष्णु देव साय से मुलाकात कर 23 जून अंतर् राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस हेतु उन्हें आमंत्रित किया। इस दौरान उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सदस्यों ने राज्य में खेलो की गतिविधियों पर चर्चा की। महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री साय से विस्तार से चर्चा कर उन्हें बताया कि राज्य में कोचेस के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जा रही है व विस्तृत रूपरेखा ओलंपिक संघ के द्वारा बनाई जाएगी। जिस से आगामी राष्ट्रीय खेलो में राज्य के खिलाड़ियों का प्रदर्शन और बेहतर हो। मुलाकात के दौरान सुनील रामदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, महासचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, महेश गागड़ा, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वॉलीबाल एसोसिएशन और प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ मौजूद थे!

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में स्टेट एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का उदघाटन मुख्य अतिथि रूपेश रहांगडाले अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रायपुर इकाई एवं श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पछुवा पाटन ने किया। साथ में विश्व हिंदू परिषद के नेता राम देवांगन, कुंदन सिंह, संजय कुमार और हिमांशु प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 55 किलो से 77 किलो के बीच के बॉडी वेट वालो की प्रतियोगिता हुई। दूसरे दिन रविवार को 77 किलो से ऊपर 120 किलो तक की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक पूजा नायक, प्रदीप क्षत्रिय, राजेश साहू, श्याम लाल ठाकुर, सुरेश पटेल, केसरी सीखा और कुमारी ललिता रहे।

### विद्याचरण शुक्ल स्मृति युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा ₹विद्याचरण शुक्ल स्मृति₹ प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025" का आयोजन 18 जून से 22 जून तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारी (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि प्रोफेशनल्स भाग ले सकेंगे। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव श्री विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ से खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हॉकी में हुआ चयन



**रायपुर।** खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बिलासपुर के आवासीय खेल छात्रावास में राजनांदगांव के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमे वशिष्ठ साहू, योगेश मेश्राम एवं एकता राजपूत का चयन मात्र 6 माह के अल्प प्रशिक्षण के बाद हुआ है, जो क्षेत्र में खेल जागरूकता और समर्पण का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हॉकी राजनांदगांव की पहचान रही है और यह चयन पटरी पार क्षेत्र में चल रहे खेल जागरूकता अभियान की सफलता का प्रतीक है। मृणाल चौबे जैसे समर्पित कोच का मार्गदर्शन इन खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञ बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को लेकर चिंतित

# हाई कोलेस्ट्रॉल के इन लक्षणों को बिल्कुल न करें अनदेखा, थोड़ी सी भी लापरवाही पड़ सकती है भारी


कोलेस्ट्रॉल एक मोम, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आपकी सेहत के लिए काफी समस्याकारक हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। यह स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण, हार्मोन्स, विटामिन डी और पाचन में सहायता करने वाले पदार्थों के उत्पादन के लिए आवश्यक है। हालांकि, कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यही कारण है कि सभी लोगों को कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जाती है। हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर हृदय रोगों का कारण बन सकता है, पर इसके दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं है। अगर इसे अनदेखा कर दिया जाए तो कई अन्य गंभीर और जानलेवा समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं।



### कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही है हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या

आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही लोगों को लगता है कि यह सिर्फ बढ़ती उम्र या मोटापे से जुड़ी स्थिति है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक गंभीर है। हाई कोलेस्ट्रॉल रक्त वाहिकाओं को जाम कर सकता है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं का खतरा पैदा हो जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत सिर्फ उम्र बढ़ने से संबंधित नहीं है, कम उम्र यहां तक कि 20 की आयु वालों में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके कुछ लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है।


यहां गौर करने वाली बात ये भी है कि अधिकतर मामलों में हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते, लेकिन शरीर कुछ संकेत जरूर देता है, जिन्हें पहचानना बेहद जरूरी है। कई मेडिकल शोधों के अनुसार, ये संकेत समय रहते दिख जाएं तो गंभीर जोखिमों को टाला जा सकता है।



### आंखों के आसपास दें ध्यान

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का सबसे आम लक्षण आंखों के चारों ओर पीला जमाव है। आंखों की पलकों या आसपास की त्वचा पर पीले या सफेद वसायुक्त धब्बे दिखना कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत हो सकता है। यह लिपिड डिसऑर्डर से जुड़ा होता है। अगर आप इस तरह के लक्षणों को देख रहे हैं तो इसे अनदेखा न करें।

### हाथ-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी



हाई कोलेस्ट्रॉल की स्थिति रक्त प्रवाह को बाधित करने लगती है जिससे नसों में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ये समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण हाथों-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी हो सकती है। यह धमनियों में रुकावट की ओर इशारा करता है। हाथों-पैरों में होने वाली इस समस्या के बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### छाती में दर्द या भारीपन

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से सबसे ज्यादा खतरा हृदय स्वास्थ्य को रहता है। धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल को पर्याप्त रक्त नहीं मिल पाता, जिससे सीने में दर्द या दबाव महसूस हो सकता है। व्यायाम के दौरान ये दिक्कत अधिक महसूस होती है।



# मोबाइल फोन से बढ़ रहा है ब्रेन ट्यूमर का खतरा,जानिए इस तथ्य की हकीकत

ब्रेन हमारे शरीर का मास्टर अंग माना जाता है। सभी अंगों को किस प्रकार से काम करना है, भूख से लेकर नींद तक सब कुछ यहीं से कंट्रोल होता है। यही कारण है कि सभी लोगों को मस्तिष्क की सेहत को लेकर विशेष सावधानी और सतर्कता बरतते रहने की सलाह दी जाती है। दुर्भाग्यवश हमारे दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें ब्रेन के लिए कई प्रकार की समस्याओं का कारण बनती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर मस्तिष्क से संबंधित रोगों के बढ़ते जोखिम को कम करने और इसकी बीमारियों से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल वर्ल्ड ब्रेन डे मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, ब्रेन से संबंधित जो बीमारी सबसे ज्यादा चर्चा में रहती है वह है- ब्रेन ट्यूमर।

### मिथ- मोबाइल फोन बढ़ा रहे हैं ब्रेन ट्यूमर का खतरा



मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल को कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाला माना जाता है। अक्सर लोग तर्क देते हैं कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर की आशंका भी बढ़ जाती है, हालांकि नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के मुताबिक ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है जो इसकी पुष्टि करता हो। लंबे समय तक रेडिएशन के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव जरूर पड़ सकता है, पर इससे ब्रेन ट्यूमर होने का जोखिम नहीं होता है।

### मिथ- माता-पिता में से किसी को रहा है ब्रेन ट्यूमर तो बच्चों को भी खतरा

डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं की तरह ही अक्सर ब्रेन ट्यूमर के भी आनुवांशिक जोखिमों को लेकर आशंका जताई जाती रही है। हालांकि इसको भी प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कई प्रकार के पर्यावरणीय या जीवनशैली के कारक ब्रेन ट्यूमर के मुख्य कारण हैं। यह माता-पिता से बच्चों में पास होता हो इसके सबूत बहुत कम या न के बराबर हैं।

### मिथ- 60 से ऊपर के लोगों को ही होता है ब्रेन ट्यूमर

अगर आपको लगता है कि ब्रेन ट्यूमर की समस्या सिर्फ उम्रदराज लोगों को होती है तो यह गलत जानकारी आपको भ्रमित कर सकती है। ब्रेन ट्यूमर एक ऐसी बीमारी है जो बच्चों और वयस्कों दोनों में हो सकती है। निदान किए गए सभी ब्रेन ट्यूमर के मामलों में से लगभग 3.9 प्रतिशत मामले 0-14 वर्ष की आयु के बच्चों में होते हैं। इसलिए सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों को समझना और जल्द से जल्द इलाज प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।



### मिथ- ब्रेन ट्यूमर का मतलब आपको हो गया है कैंसर

ज्यादातर लोगों का मानना है कि ब्रेन ट्यूमर, कैंसरकारक होते हैं, पर यह पूरा सच नहीं है। ब्रेन ट्यूमर कैंसरयुक्त और गैर-कैंसरयुक्त दोनों प्रकार के हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, केवल एक-तिहाई ब्रेन ट्यूमर ही कैंसर का रूप लेते हैं।

# प्याज की बदबू हाथों से जाती नहीं तो आजमाकर देखें मेटल सोप



खाना बनाना और खाना हर किसी को पसंद होता है, लेकिन खाना बनाते वक्त कुछ चीजों से आने वाली बदबू के कारण अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। अगर आप भी किचन में खाना बनाते वक्त प्याज-लहसुन या नॉन वेज के कारण आने वाली बदबू की वजह से परेशान रहती हैं, तो अब आपको और परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आपको मेटल सोप के बारे में जानना चाहिए, जिसका इस्तेमाल कर आप इन बदबू से राहत पा सकती हैं।

जानकारी के मुताबिक जो साधारण साबुन आप अपने घर में हाथ धोने या नहाने के लिए इस्तेमाल करती हैं उसमें आपको सोडियम या पोटेशियम नाम के केमिकल देखने को मिल सकते हैं, जिससे ये पानी में आसानी से घुल जाते हैं और झाग देने लगते हैं। वहीं बात करें मेटालिक सोप की तो यह एक धातु वाला साबुन है। जो कैल्शियम, जिंक, एल्युमीनियम जैसी धातुओं से बना हुआ है। यही कारण है की यह लम्बे समय तक चलता है और आसानी से नहीं घुलता है।


### लहसुन-प्याज की बदबू से पाएं छुटकारा

अगर आप लहसुन, प्याज, मछली या किसी भी ऐसी चीज की बदबू से परेशान हैं, तो अब आप मेटल सोप या स्टेनलेस स्टील साबुन का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने किचन में इस साबुन को जरूर रखें और जब आपके हाथों से खाना बनाने के दौरान लहसुन प्याज की बदबू आए, तब आप इस साबुन से अपने हाथों को धो सकती हैं। यही नहीं आप इस साबुन का इस्तेमाल कर हाइजीन बनाए रख सकती हैं।

### मेटल सोप का इस्तेमाल

बता दें कि यह स्टेनलेस स्टील साबुन आपके हाथों से बदबू को बेअसर करने में आपकी मदद करेगी। हाथों से बदबू को कम करने के साथ साथ अगर आप इस मेटल सोप का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके हाथों से बैक्टीरिया को भी दूर करने में काफी मदद करेगा। इस साबुन की मदद से आप अपने किचन की भी सफाई कर सकती हैं। इस साबुन से आप गैस स्टैंड भी साफ कर सकती हैं, इससे किचन में होने वाले बैक्टीरिया दूर होंगे।

# ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय न करें ये गलतियां



ऑफिस डेस्क पर फूल रखना बहुत अच्छा होता है, लेकिन अक्सर लोग ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय वास्तु से जुड़ी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ जाते हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा फूलों का मुख आपकी तरफ हो यानी कि फूल आपकी ओर झुके हुए हों न कि किसी अन्य दिश की ओर, नहीं तो इससे सकारात्मकता दूसरी ओर चली जाती है और आपकी तरफ नकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल मुरझाए हुए न हों। अगर अप फूल रखते हैं तो उनके मुरझाने से पहले ही बदल लें नहीं तो इससे न सिर्फ नकारात्मकता बढ़ती है बल्कि वास्तु शास्त्र के अनुसार, सफलता प्राप्ति में भी दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं।

ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल कांटेदार न हों। ऐसा इसलिए क्योंकि कांटेदार फूल का डेस्क पर होना नौकरी के मामलों में भी बार-बार संकटों के आने को दर्शाता है। अगर अप गुलाब रखते हों डेस्क पर तो उसके कांटे हटाकर फिर ही रखें। ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल प्लास्टिक के न हों। वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुद्ध धातु बताया गया है, ऐसे में उससे बने फूलों ओ ऑफिस डेस्क पर रखने से राहु का दुष्प्रभाव पड़ता है और नौकरी में बाधाएं आनी शुरू हो जाती हैं।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अलग हो रहे हैं डकोटा और क्रिस मार्टिन को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म

'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' अभिनेत्री डकोटा जॉनसन और कोल्डप्ले गायक क्रिस मार्टिन हाल ही में चर्चाओं में आ गए हैं। इस बार वजह है दोनों के ब्रेकअप की।



सूत्रों के मुताबिक कहा जा रहा है कि दोनों के बीच आठ सालों का रिश्ता अब खत्म होने जा रहा है। इसकी कुछ वजहें भी सामने आई हैं। जानिए क्या है पूरी खबर।

हॉलीवुड स्टार्स डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन को मई महीने और भारत में महाकुंभ के दौरान एक साथ देखा गया था। साल 2017 से एक साथ रहने के बाद अब ये अलग हो रहे हैं। हालांकि, दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साल 2024 में सूत्रों ने पीपल को बताया कि दोनों ने सालों पहले सगाई कर ली थी। हालांकि, सगाई की अफवाह 2020 में भी सामने आई थी, लेकिन उस समय वे शादी करने को तैयार नहीं थे। पिछले साल अगस्त 2024 में भी इस जोड़े के अलग होने की अफवाहें सामने आई थीं, लेकिन उस समय, जॉनसन के एक प्रतिनिधि ने कथित तौर पर इन दावों को खारिज करते हुए कहा था कि वे खुशी से साथ रह रहे हैं। पीपल की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय एक सूत्र ने कहा, 'ज़रूर, उनके बीच पहले भी कुछ मुद्दे रहे हैं और उन्होंने ब्रेक भी लिया है, लेकिन अब सब ठीक है। वे दोनों अपने करियर से प्यार करते हैं। वे अपनी क्षमता के अनुसार चीजों को संतुलित कर रहे हैं।' वहीं बताते चलें कि दोनों ने अपने रिश्तों को बहुत ही प्राइवेट रखा है। हॉलीवुड अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने अपनी आगामी फिल्म के प्रचार-प्रसार के दौरान रिश्तों के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'लंबे समय से हम सभी रिश्तों को लेकर बहुत जल्दी निर्णय लेते रहे हैं कि उन्हें कैसे होना चाहिए, दुनिया में उनका अस्तित्व कैसे होना चाहिए, लोगों को कब शादी करनी चाहिए, तलाक बुरा है आदि। अगर इन सब चीजों के बारे में आप सोचते हैं, तो तलाक बुरा क्यों है? लोगों को शादी क्यों करनी चाहिए या एक निश्चित उम्र में या केवल एक बार? क्यों?

### टॉलीवुड

## विष्णु का 22 साल का इंतजार खत्म रजनी ने देखी 'कन्नप्पा' और लगाया गले

साउथ एक्टर विष्णु मांचू ने अपने सोशल मीडया हैंडल पर रजनीकांत के साथ दो शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही रजनीकांत से जुड़ी दिलचस्प बातों का भी खुलाया किया है।



विष्णु मांचू ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत के साथ दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'कल रात, रजनीकांत अंकल ने कन्नप्पा देखी। फिल्म देखने के बाद, उन्होंने मुझे कसकर गले लगाया। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें कन्नप्पा बहुत पसंद है। मैं एक अभिनेता के तौर पर 22 साल से उस गले मिलने का इंतजार कर रहा हूं!!! आज, मैं प्रोत्साहित महसूस कर रहा हूं। विनम्र और आभारी। कन्नप्पा 27 जून को आ रही है और मैं दुनिया को भगवान शिव के जादू का एहसास कराने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।'

विष्णु मांचू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कन्नप्पा' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस फिल्म में विष्णु मांचू से लेकर प्रभास, मोहनाल, अक्षय कुमार, शरत कुमार, काजल अग्रवाल, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, सप्तगिरी, मुकेश ऋषि, मधुबाला, ऐश्वर्या भास्करन, ब्रह्माजी, देवराज, रघु बाबू, शिव बालाजी, संपत राम, लवी पजनी, सुरेखा वाणी, प्रीति मुकुंदन, कौशल और अधर्स रघु जैसे कई कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'साली होना जरूरी है' ने रिलीज होते ही मचाया धमाल, एक लाख से ऊपर व्यूज

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर धमाल मचा है, क्योंकि लोकप्रिय सिंगर शिल्पी राज के बहुप्रतीक्षित गाना ₹साली होना जरूरी है₹ ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। इस गाने को मशहूर गायिका शिल्पी राज और लोकप्रिय सिंगर चांद जी ने अपनी सुरीली आवाज़ से सजाया है, जो रिलीज के साथ ही यूट्यूब और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। गाने में शीला के नाम से प्रसिद्ध यूट्यूब क्वीन बन्नू द ग्रेट और रियाज प्रेमी नज़र आ रहे हैं। 'साली होना जरूरी है' एक फुल एंटरटेनिंग गाना है, जो अपनी मस्ती भरे बोल, जोशीले संगीत और शानदार वीडियो के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में पूरी तरह कामयाब रहा है। यदि आपने अभी तक नहीं देखा, तो जरूर देखें – यह गाना आपको झूमने पर मजबूर कर देगा।



गाने में बेहतरीन डांस देखने को मिला है, जिसका श्रेय कोरियोग्राफर अनुपम तिवारी और दीपक सिंह को जाता है। वहीं पोस्ट प्रोडक्शन और एडिटिंग में सिद्धार्थ कुमार और रोहित सिंह की तकनीकी दक्षता ने इस वीडियो को और शानदार बना दिया है। राजन कुमार ने मेकअप और सहायक निर्देशन में सहयोग देकर इसकी क्वालिटी को और निखारा है। यह धमाकेदार गाना आर वी एफ म्यूजिक के बैनर तले रिलीज किया गया है और इसका डिजिटल प्रमोशन ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन द्वारा किया गया है। प्रोडक्शन का काम ओम शांति प्रोडक्शन के सतीश राज की देखरेख में पूरा किया गया।

### बुनकरों का कमाल




हैंडलूम बुटीक वीवर्स विलेज और केरल ओलंपिक एसोसिएशन के तहत निशागांधी ऑडिटोरियम तिरुवनंतपुरम में वीवर्स विलेज फैशन शो ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। युवा एथलीटों के बीच बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ाने के लिए धन जुटाने के लिए यह आयोजन किया गया था। जहां भारतीयता के फैशन को खूब सराहा गया।

## बरसात में चेहरे की करें खास हिफाजत पिंपल्स और दाग-धब्बों से बचाएं

जून का महीना चल रहा है, ऐसे में बारिश ने कई जगहों पर मौसम काफी खुशनुमा कर दिया है। कई जगहों पर तो बारिश की वजह से जलभराव हो गया है, जिस कारण जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। ये मौसम वैसे तो काफी अच्छा होता है, लेकिन इस दौरान त्वचा पर काफी डैमेज हो जाती है। ऐसे में स्किन का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि आप भी अपने चेहरे की चमक को खोना नहीं चाहते तो बारिश के मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको मानसून में स्किन केयर करने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आपका चेहरा भी खिला-खिला रहे।



### त्वचा को रखें साफ

बारिश के मौसम में स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो इसकी वजह से फंगल इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाएगी। इस मौसम में त्वचा पर गंदगी काफी चिपकती है, इसलिए शाम को सोने से पहले भी एक बार नहा लें। अगर नहा नहीं पा रहे हैं तो अपने चेहरे को माइल्ड क्लींजर की मदद से अच्छे से साफ करें।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

बारिश के मौसम में त्वचा काफी चिपचिपी हो जाती है, ऐसे में लोग मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। इस मौसम में हल्के और जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, ताकि आपकी स्किन हाइड्रेट रहे। ऐसा न करने पर त्वचा की नमी खोने लगेगी।

### सनस्क्रीन को तो बिल्कुल न भूलें

बारिश के मौसम में भले ही धूप काफी कम हो जाती है, लेकिन यदि आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपकी डैमेज होने लगेगी। इसलिए बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन को अपना दोस्त बनाकर रखएं, ताकि धूप की किरणें आपको नुकसान न पहुंचा सकें।

### हफ्ते में दो बार स्क्रब

बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ये जान लें कि इस मौसम में हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब करना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग नहीं हो जाएगी, जिस कारण चेहरे पर मुंहासों जैसी दिक्कते बढ़ सकती हैं।

## ऑफिस और कॉलेज में चाहिए न्यू लुक, तो कुर्ती इस तरह करें स्टाइल



कुर्ती ऑफिस और कॉलेज में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन है। अगर आप कुर्ती में सुंदर नजर आना चाहती हैं, तो इस आर्टिकल में दी गई स्टाइलिश टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।



हर महिला चाहती है कि वह खूबसूरत और सबसे अलग दिखे। इसके लिए व यूनिक लुक अपनाना पसंद करती है। अगर आप भी ऐसा चाहती हैं, तो आप कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती न सिर्फ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है, बल्कि इसमें आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाने के दौरान कुर्ती स्टाइल करने का सोच रही हैं और न्यू लुक चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में दिखाई गई कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड कुर्ती:** अगर आप अपने ऑफिस में अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह की खूबसूरत प्रिंटेड कुर्ती वियर कर सकती हैं। इस कुर्ती में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और आप अलग भी नजर आएंगी। यह कुर्ती आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से ले सकती हैं और ये आपको इन दोनों ही जगहों पर सस्ते दाम में मिल जाएंगी। इस कुर्ती को आप पेंट स्टाइल सलवार के साथ वियर कर सकती हैं। साथ ही, एक्सेसरीज में झुमके और फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ती:** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल है और एक जैसे कपड़ें पहनकर बोर हो गया है, तो आप फ्लोरल प्रिंट कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट कुर्ती काफी ट्रेंड में है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक अलग और सुंदर भी नजर आता है। इस कुर्ती को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन बाजार से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में स्टाइलिश नजर आने के लिए आप लॉन्ग इयरिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**कॉलर डिजाइन कुर्ती:** इस तरह की कॉलर डिजाइन कुर्ती ऑफिस और कॉलेज दोनों ही जगहों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। यह प्रिंटेड कुर्ती कॉलर नेक डिजाइन में आती है और इस कुर्ती को स्टाइल करने के बाद हर कोई आपके लुक की तारीफ करेगा। यह कुर्ती आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म दोनों ही जगहों पर सस्ते दाम में मिल सकती हैं।

## बार-बार सिर पसीने से भीग जाता है तो ये नुस्खे करेंगे कमाल

मौसम चाहे गर्मी हो या फिर बारिश का, पसीने और चिपचिपेपन से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं। दिक्कत तब आती है, जब पसीना आना रुकता ही नहीं है। शरीर पर आए पसीने को तो हम लोग पाउडर लगाकर रोक लेते हैं। उसकी बदबू दूर करने के लिए परफ्यूम इस्तेमाल कर लेते हैं, पर दिक्कत सामने आती है उन लोगों के जिनके स्कैल्प यानी कि सिर पर पसीना आता है। स्कैल्प पर पसीना आने पर आप सिर्फ बालों को धोकर इस परेशानी से निजात पा सकते हैं और हर दिन बाल धोना संभव नहीं है।



### एलोवेरा जेल

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो उसके इस्तेमाल से आप स्कैल्प का पसीना सुखा सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से पहले अपने स्कैल्प पर अच्छी तरह से ताजा एलोवेरा जेल अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने बालों को धो लें और फिर असर देखें। एलोवेरा जेल में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और कूलिंग तत्व पसीने को रोकते हैं और पसीने की बदबू को भी कम करते हैं।

### नीम का पानी

यदि आपके घर के पास नीम का पेड़ लगा है तो इससे बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता। दरअसल, नीम एंटीसेप्टिक होता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से स्कैल्प पूरी तरह से साफ भी होगा और पसीना भी थम जाएगा। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को धोकर उबाल लें। अब इस पानी को ठंडा करके इससे सिर धोएं। इससे आपको अवश्य ही राहत मिलेगी।

## कड़ा पायल डिजाइन आपके पैरों की खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं हाथ और पैर की खूबसूरती को भी बरकरार रखने के लिए कई प्रयास करती हैं। आप भी अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो खूबसूरत कड़ा पायल डिजाइन आपके लिए है, जिन्हें देखते ही आपका उस पर दिल आ जाएगा।

### विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट

ट्रेडिशनल से लेकर एथेनिक आउटफिट तक पायल हर तरह की ड्रेस और साड़ी के साथ आपके लुक को खास बनाने में बहुत मदद करती है। ऐसे में आप इस खूबसूरत विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट को ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है। इस तरह के पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट

यही नहीं आप अगर डेली वियर में कड़ा पायल पहनना चाह रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ऑक्सिडाइज फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। डेली वेयर के अलावा आप इसे किसी भी फंक्शन में अपने ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट के साथ भी शामिल कर सकती हैं।



### कस्टमाइज्ड कड़ा पायल

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए आप इस खूबसूरत कस्टमाइज्ड कड़ा पायल को भी ट्राई कर सकती है। इसकी डिजाइन आपके लुक को स्टाइलिश बनाने के साथ-साथ आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। आप इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### ज्यादातर लड़कियां जल्दबाजी में कर देती हैं कुछ फैशन मिस्टेक

## कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाने की हसरत में कुछ गलतियों से बचें, बढ़ेगी रौनक

अपने कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। वे अपने आउटफिट से लेकर मेकअप और एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट तरीके से डिसाइड करती हैं। ऐसे में अगर आप भी कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए काफी कोशिशें करती है, तो आपको कुछ ऐसी फैशन मिस्टेक से बचना होगा, जो अधिकतर लड़कियां कर देती है।

### इन फैशन मिस्टेक को करने से बचें

अगर आप भी अपने कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो कुछ गलतियों को करने से बचे। सबसे पहला और जरूरी आप हमेशा एक जैसे कपडे और एक ही कलर के कपडे पहनने के बजाय कुछ यूनिक और नया जरूर ट्राई करें। आप ना तो ज्यादा टाइट कपडे पहने और ना ही ज्यादा ढीले कपडे पहने। यही नहीं आप चाहें तो न्यूट्रल कलर्स के कपड़े भी शामिल कर सकती हैं।



### ड्रेस के साथ फुटवियर का भी रखें ध्यान

कॉर्पोरेट माहौल में आपकी ड्रेसिंग सेंस बहुत मायने रखती हैं। ऐसे में अगर आपने कपड़े अच्छे पहने हैं, लेकिन फुटवियर आपके कपड़ों से मेल नहीं खा रहा है, तो इससे भी आपका कॉर्पोरेट लुक ख़राब हो सकता है। अगर आप फॉर्मल ड्रेस पहन रही हैं, तो अपने फॉर्मल लुक के साथ आप फॉर्मल शूज हील्स या साफ और पॉलिश किए हुए लेदर बूट्स पहन सकती हैं।

### खूबसूरत एक्सेसरीज का करें चुनाव

इसके अलावा जब भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कपड़े चुने तो लाउड प्रिंट्स और चमकीले रंग के कपड़े पहनने से बचे। ऐसे कपडे भी आपके लुक को ख़राब कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने कॉर्पोरेट लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए अपने आउटफिट के हिसाब से खूबसूरत एक्सेसरीज भी चुन सकती हैं। एक्सेसरीज का गलत चुनाव आपके लुक को ख़राब कर सकता है।



### हैवी मेकअप करने से बचें

इसके अलावा आप हमेशा अपने स्किन टोन के हिसाब से ही मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें और ऑफिस में हैवी मेकअप करने के बजाय लाइट मेकअप करें। ऑफिस में अगर आप हैवी मेकअप कर के जाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपका इम्प्रेस ख़राब हो सकता है। इससे आपका लुक क्लासी और मॉडर्न बनेगा। इन गलतियों को सुधार कर आप अपने कॉर्पोरेट लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। ड्रेस के साथ फुटवियर का भी रखें ध्यान

कॉर्पोरेट माहौल में आपकी ड्रेसिंग सेंस बहुत मायने रखती हैं। ऐसे में अगर आपने कपड़े अच्छे पहने हैं, लेकिन फुटवियर आपके कपड़ों से मेल नहीं खा रहा है, तो इससे भी आपका कॉर्पोरेट लुक ख़राब हो सकता है। अगर आप फॉर्मल ड्रेस पहन रही हैं, तो अपने फॉर्मल लुक के साथ आप फॉर्मल शूज हील्स या साफ और पॉलिश किए हुए लेदर बूट्स पहन सकती हैं।